शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 86 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 22 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## गाजीपुर कूड़े के ढेर में लगी आग

**नई दिल्ली**

पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर स्थित कूड़े के पहाड़ में गर्मी बढ़ते ही फिर आग लग गई। देखते ही देखते आग ने कूड़े के पहाड़ के एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। आग चोरों ओर फैल गई। कूड़े में लगी आग से निकला धुंआ आसपास की कॉलोनियों में फैल गया। ऐसे में गाजीपुर के आसपास रहने वाले लोगों को घुटन व आंखों में जलन होने लगी। सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल की नौ गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। आग कूड़े के पहाड़ के ऊपरी हिस्से में लगी थी। इसकी वजह से दमकल कर्मियों को वहां पहुंचने में खासी दिक्कत हुई। देर रात तक आग पर काबू नहीं पा जा सका था। दमकल कर्मियों का कहना था कि कूड़ों के पहाड़ में लगी आग अक्सर कई-कई दिनों तक चल जाती है। फिलहाल आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। एक जगह आग बुझाई जाती है तो दूसरी जगह भड़क जाती है। वहीं लैंड फिल साइट के आसपास रह रहे स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मियों में अक्सर यहां आग लग जाती है। पुलिस के मुताबिक रविवार शाम करीब 5.22 बजे सूचना मिली कि गाजीपुर लैंड फिल साइट में आग लग गई है। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। पानी डालने से आग की लपटे तो कम हो रही थी, लेकिन धुंआ बढ़ रहा था। पानी सूखते ही दोबारा आग लगे जा रही थी। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कूड़े के दबाव से वहां मीथेन गैस बनती है, जिससे बार-बार दोबारा आग भड़कती है। आग गर्मी से खुद लगी या किसी मानवीय भूल की वजह से इसका पता नहीं चल सका है। फिलहाल मौके पर दमकल की गाड़ियों का आना-जाना लगा हुआ था।

## महाकालेश्वर मंदिर में होली-दिवाली समेत हर त्यौहार के लिए बनेगी नई गाइडलाइन


**उज्जैन**

महाकाल मंदिर में होली-दिवाली समेत हर त्यौहार के लिए नई गाइडलाइन बनाई जाएगी, जबकि भस्म आरती सहित सामान्य दर्शन व्यवस्था में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है।

यह निर्णय कलेक्टर नीरज सिंह की अध्यक्षता में रविवार को हुई मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में लिए गए।

# 'अब कांग्रेस अर्बन नक्सलों के कब्जे में चली गई'

## कांग्रेस का घोषणा पत्र माओवाद की सोच को धरती पर उतारने की कोशिश : नरेन्द्र मोदी



"मोदी ने कहा कि इन दिनों कांग्रेस छोड़कर बाहर निकलने वाले गंभीरता से बताते हैं कि कांग्रेस अब कांग्रेस नहीं रही है। अब कांग्रेस अर्बन नक्सलों के कब्जे में चली गई है। कांग्रेस अब वामपंथियों के चंगुल में फंसी हुई है। कांग्रेस का घोषणा पत्र माओवाद की सोच को धरती पर उतारने की उनकी कोशिश है"

**बांसवाड़ा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा कभी दलितों को, कभी आदिवासियों को और कभी अल्पसंख्यकों को डराया। आज भी ये कभी लोकतंत्र को लेकर, संविधान को लेकर, आरक्षण को लेकर भांति-भांति के झूठ फैला रहे हैं। भारत डर से आगे निकल चुका है, इसलिए इनके डर का झूठ नहीं चल पा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी रविवार शाम को राजस्थान के बांसवाड़ा में भाजपा लोकसभा उम्मीदवार महेन्द्रजीत मालवीया के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मोदी ने जालोर के भीनमाल में जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि इन दिनों कांग्रेस छोड़कर बाहर निकलने वाले गंभीरता से बताते हैं कि कांग्रेस अब कांग्रेस नहीं रही है। अब कांग्रेस अर्बन नक्सलों के कब्जे में चली गई है। कांग्रेस अब वामपंथियों के चंगुल में फंसी हुई है। कांग्रेस का घोषणा पत्र माओवाद की सोच को धरती पर उतारने की उनकी कोशिश है। उन्होंने कहा कि आज देश की सेनाओं की सुप्रीम कमांडर देश की राष्ट्रपति आदिवासी समाज की एक बेटी हैं। भाजपा गरीब कल्याण के लिए समर्पित है, पूरी ईमानदारी से काम करती है। कांग्रेस की दुकान में हमेशा भय, भूख और भ्रष्टाचार ही बिकता है। उन्होंने कहा कि हमारा दस साल का ट्रैक रिकॉर्ड गवाह है। ये काम सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ही है, जिसने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया। अब भाजपा ने ऐलान किया है कि अगले साल भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव अभियान के रूप में पूरे वर्ष भर हिंदुस्तान के हर कोने में मनाया जाएगा। जब मैं ये बातें बताता हूं तो कांग्रेस वालों के पेट में दर्द शुरू हो जाता है।

### अपने लिए वोट मांगने आया हूं: पीएम



**आपने** मेरी बात का मान रखा इसके लिए आप सभी का आभार। अपने लिए वोट मांगने आया हूं राजस्थान से राज्यसभा सदस्य के रूप में चुनी गई सोनिया गांधी का नाम लिए बगैर मोदी ने कहा कि जो लोग चुनाव नहीं लड़ सकते, जीत नहीं सकते, वो इस बार राजस्थान से राज्यसभा के सदस्य के रूप में सीट पर पहुंचे हैं। मोदी जी ने कहा कि देश का युवा इतना गुस्से में है वो आज कांग्रेस का मुंह भी नहीं देखना चाहता। मोटे अनाज को श्री अन्न बताते हुए मोदी जी ने कहा कि उन्होंने इस मोटे अनाज को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। मोदीजी ने कहा कि जालौर के भाजपा प्रत्याशी लुंबाराम को वोट देने का मतलब मोदी को मजबूत बनाने की गारंटी। जनता के एक-एक वोट से मोदी को तेज काम करने की ताकत मिलेगी। मोदी ने कहा कि मैं यहां लुंबारामजी के लिए ही नहीं अपने लिए भी वोट मांगने आया हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मतदान हमारे लिए गर्व का विषय है और जब हम गर्व के इस काम को करने जाएंगे तो गर्मी भी ऐसे ही भाग जाएगी।


## न राहुल गांधी पीएम बनेंगे, न 370 दोबारा लागू होगा-शेखावत



**जोधपुर**

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री और भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र सिंह शेखावत रविवार को शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभाओं में कांग्रेस पर खूब बरसे। उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस के साथ गठबंधन में शामिल एक पार्टी ने घोषणा पत्र में कहा है कि अगर राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे तो कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस लागू करेंगे। उन्होंने कटाक्ष करते कहा कि न राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे और न ही कश्मीर में 370 लागू होगा और न ही कश्मीर के लोग 370 को लागू होने देंगे। शेखावत ने नाथड़ाऊ समेत बावरली, उटाम्बर, खुडियाला, चामु, बारनाउ, लोड़ता अचलावतां, सेखाला और बेलवा खत्रियां की जनसभाओं में शेखावत ने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बना रहे, इसके लिए 48 हजार माताओं ने अपने बच्चे खोए, महिलाओं ने अपने सुहाग खोए और बहनों ने राखी बांधने वाले हाथ खोए। एक देश में दो निशान थे, भारत का कानून वहां लागू नहीं था, लेकिन मोदी ने एक झटके में 370 हटाकर भारत के तिरंगे को कश्मीर में फहराने का काम किया। यह भाजपा संकल्प था, जिसे मोदी ने पूरा किया।राम मंदिर का जिक्र करते हुए शेखावत ने कहा कि जिन लोगों ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में जाने से इंकार किया हो, वो अब राम भक्त होने का नाटक कर रहे हैं।

## बिहार को लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं इंडी गठबंधन वाले: अमित शाह



**कटिहार**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कटिहार लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने जदयू उम्मीदवार दुलाल चंद्र गोस्वामी को वोट देने की अपील की। अमित शाह ने कहा कि लालू और कांग्रेस एक होकर भाजपा और जदयू के खिलाफ चुनाव लड़ रही है। आप लोगों को लालू-राबड़ी का शासन याद है न? बिहार को जंगलराज में बदलकर इस लालू प्रसाद यादव ने रख दिया था। गरीब, पिछड़ा और दलित पर अत्याचार होते थे। जब से एनडीए की सरकार आई तो गरीबों पर अत्याचार खत्म हो गया। आज लालू यादव कांग्रेस पार्टी के साथ बैठे हैं। मैं लालू यादव को कहना चाहता हूं कि इसी कांग्रेस पार्टी ने पिछड़ा समाज का विरोध किया। काका साहेब कालेलकर कमीशन की रिपोर्ट को दबाकर रख दिया। मंडल कमीशन का विरोध किया। पिछड़ों के विरोधी कांग्रेस पार्टी की गोद में लालू यादव और उनके बेटे बैठे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने सबसे पहला अति पिछड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनाने का काम किया। एक गरीब चाय बेचने वाले के बेटे को भाजपा को प्रधानमंत्री बनाया। पीएम मोदी ने पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक दर्जा देकर आयोग बनाने का काम किया। 16 नई जातियों को ओबीसी में जोड़ने का काम किया। गृह मंत्री बिहार और सीमांचल में कई विकास योजनाओं का जिक्र किया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा इंडी गठबंधन वाले बिहार को लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं। नीतीश बाबू ने बिहार के घर-घर में बिजली पहुंचाई है।

## चुनावी बॉन्ड को लेकर सरकार का रूख स्पष्ट: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण



**नई दिल्ली:**

चुनावी बॉन्ड को लेकर फिर से छिड़े विवाद के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट किया है कि साक्षात्कार में भी उन्होंने नहीं कहा था कि चुनावी बॉन्ड लाने की हमारी कोई योजना है। उन्होंने कहा कि हमसे पूछा गया था कि क्या चुनावी बॉन्ड को लेकर आप लोग कुछ करना चाहेंगे तो हमने कहा कि अगर इसे लेकर कुछ करना पड़ा तो हम निश्चित रूप से इस पर विचार करेंगे कि इससे जुड़े स्टेकहोल्डर्स इस पर अपना क्या इनपुट देते हैं और निश्चित रूप से वह अभी के चुनावी बॉन्ड स्कीम से बेहतर होना चाहिए।

**कई नेताओं ने सरकार पर किया था कटाक्ष**

दरअसल एक साक्षात्कार में यह बात आई थी कि निर्मला ने फिर से चुनावी बॉन्ड लाने की बात कही है। इसे लेकर कपिल सिब्बल समेत कई नेताओं ने सरकार को कठघरे में खड़ा किया था। शनिवार को निर्मला ने कहा वर्तमान का चुनावी बॉन्ड पूर्व के चुनावी दान की व्यवस्था से निश्चित रूप से अधिक पारदर्शी व्यवस्था थी। कम से कम चुनावी बॉन्ड से एक खाते से दूसरे खाते में पैसा जा रहा था। जबकि इससे पूर्व की व्यवस्था में ऐसी बात नहीं थी।

सिब्बल ने अपनी प्रेस वार्ता में कहा कि भाजपा यह दावा कर रही है कि चुनावी बॉन्ड स्कीम पारदर्शिता के लिए लाई गई थी, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दे दिया। उन्होंने कहा कि सीतारमण ने एक साक्षात्कार में कहा है कि हम लोग फिर फिर से चुनावी बॉन्ड को लाएंगे। सिब्बल ने कहा कि सीतारमण का यह बयान सुप्रीम कोर्ट के कथन के विपरीत है।

## हिन्दुओं के चिन्हों से कांग्रेस को हमेशा से रही है नफरत: डॉ. मोहन



**भोपाल**

हमारे देश के साधु-संत भगवा पहनते हैं। वे संस्कृति की रक्षा करते हैं। भाजपा भी हमेशा से भगवा की पक्षधर रही है। अब दूरदर्शन के लोगों में भगवा रंग हो गया तो कांग्रेस के लोग उस पर भी आपत्ति उठा रहे हैं। हिन्दुओं के चिन्हों से कांग्रेस को हमेशा से नफरत रही है।

वर्षों तक देश पर राज करने वाले अंग्रेजों ने भी काम नहीं किए उन कामों को करने का पाप कांग्रेस पार्टी ने किया है। 500 साल से बाहर बैठे भगवान श्रीराम को 70 सालों तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस पार्टी मंदिर में विराजमान नहीं करा सकी। हम सौभाग्यशाली हैं कि हम उस देश में रह रहे हैं, जहां गीता, गंगा और गौ माता को पूजा जाता है और उनके कारण ही दुनिया में भारत की संस्कृति जीवित है। अब उस संस्कृति एवं भारत माता की आन, शान बान को बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खड़े हैं। यह चुनाव भारत को दुनिया का नंबर वन देश और मध्यप्रदेश को नंबर एक का प्रदेश बनाने के लिए है। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को रीवा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा के समर्थन में सेमरिया विधानसभा, सतना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गणेश सिंह के समर्थन में अमरपाटन विधानसभा, दमोह लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राहुल लोधी के समर्थन में बण्डा विधानसभा में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक के समर्थन में छतरपुर में आयोजित रोड शो में भी सहभागिता की एवं जनसभा को भी संबोधित किया।

## गरीबों के हक पर डाका डालना चाहते हैं विपक्षी : केशव



**गाजियाबाद**

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को पार्टी उम्मीदवार अतुल गर्ग के समर्थन में लोनी एवं साहिबाबाद में जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 400 पार का मतलब देश को गरीबी से मुक्ति, भ्रष्टाचार से मुक्ति है और ऐसा कोई कर सकता है तो वह मोदी की ही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ईवीएम को कमल से लबालब कर देना है। कमल ही देश की खुशहाली की गारंटी है, यही मोदी की गारंटी है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी पार्टियां एकजुट हो रही हैं, इनके पास कोई एजेंडा नहीं है, उनका एकमात्र लक्ष्य है कि कैसे मोदी को रोकें। ये मोदी जी को रोककर भ्रष्टाचार पर कार्रवाई रोकना चाहते हैं, गरीब कल्याण की योजनाओं को रोकना चाहते हैं। ये मोदी को रोककर गरीबों के हक पर डाका डालना चाहते हैं। इनका हाथ दंगाइयों के साथ, इनका हाथ बलवाइयों के साथ, इनका साथ गुंडों और भ्रष्टाचारियों के साथ है। हमारे मोदी कहते हैं कि सबका साथ सबका विश्वास का है। हमारा संकल्प सृजन का है इनका वादा लूटने का है। केशव प्रसाद ने भगवान राम का भी अपमान करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी।

## उत्तराखंड चारधाम: 12 लाख 48 हजार से अधिक यात्रियों ने यात्रा के लिए कराया पंजीकरण

**देहरादून**

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के लिए यात्रियों में पंजीकरण कराने को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। चारधाम और हेमकुंड साहिब सहित अब तक कुल 12, 48,131 यात्रियों ने तीर्थ यात्रा के लिए पंजीकरण कराया है। 15 अप्रैल से चारधाम यात्रा की पंजीकरण शुरू हुई है। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की ओर से जारी पंजीकरण बुलेटिन के अनुसार, रविवार शाम चार बजे तक केदारनाथ धाम के लिए अब तक कुल 422129 यात्रियों ने पंजीकरण किया है जबकि बदरीनाथ धाम के लिए 356716, यमुनोत्री के लिए 21,9619, गंगोत्री के लिए 23,1983 और हेमकुंड साहिब के लिए 17684 यात्रियों ने पंजीकरण कराया है।

## लव जिहाद के मामले में हिंदू यवती के साथ दरिंदगी करने वाले के घर पर चला बुलडोजर



**गुना**

मध्य प्रदेश के गुना में लव जिहाद के मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। हिंदू युवती के साथ दरिंदगी करने के आरोपित अयान पठान का घर रविवार को बुलडोजर चलाकर ढहा दिया गया। प्रशासन और पुलिस की टीम ने नानाखेड़ी पहुंचकर कार्रवाई की। शुक्रवार को टीम ने मौके पर जाकर मकान की जांच की थी। इसे अतिक्रमण कर बना पाया गया था। वहीं, हैवानियत की शिकार हुई युवती की एक आंख की रोशनी चली गई है। दरअसल, शहर के कैंट पुलिस थाने में पीड़ित 23 वर्षीय हिंदू यवती ने बीते बुधवार को आरोपित अयान पठान के खिलाफ केस दर्ज कराया था। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद अयान पठान के सरकारी जमीन पर बने मकान को हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया था। रविवार को बुलडोजर के साथ पहुंची प्रशासन की टीम ने आरोपित के अवैध रूप से निर्मित मकान को ढहा दिया। कार्रवाई के दौरान गुना एसडीएम रवि मालवीय, एडिशनल एसपी मानसिंह ठाकुर सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस बल, राजस्व, नगरपालिका का अमला मौजूद था। गौरतलब है कि नानाखेड़ी क्षेत्र की रहने वाली 23 वर्षीय हिंदू युवती पर अयान पठान नामक युवक शादी के लिए दबाव बना रहा था। युवती ने शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद उसने युवती को बंधक बनाकर एक महीने तक उसके जबरदस्ती करता रहा। इस दौरान उसने यवती के साथ क्रूरता और वहशीपन तमाम हदें पार करते हुए बेल्ट व लात-घूसों से उसकी पिटाई की।

मारपीट करने के बाद अयान थक गया तो उसने पीड़ित युवती की आंख और जख्मों पर मिर्ची भर दी। उसके चिल्लाने पर आरोपित ने उसके मुंह में फेवीक्विक डाल दी। किसी तरह युवती जान बचाकर अपने घर पहुंची। उसे गंभीर हालत में अस्पताल भर्ती कराया गया। पीड़ित युवती ने पुलिस में दिए बयान में कहा था कि घर के पास रहने वाले अयान पठान ने उसे एक महीने तक बंधक बनाकर रखा। उस दौरान उसने कई यातनाएं दीं। आरोपित ने पीड़ित का शारीरिक शोषण किया, यही नहीं उसे यातनाएं देने के लिए जख्मों पर मिर्च और होंठ में फेवीक्विक भर दी थी। आरोपित उसका मकान हड़पना चाहता था। पीड़ित युवती के बयान दर्ज होने के बाद प्रशासन और पुलिस हरकत में आई और अयान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इधर, जानकारी मिली है कि हैवानियत की शिकार हुई युवती को गुना जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर कर दिया है। बताया रहा है कि पीड़ित की एक आंख की रोशनी चली गई है जबकि दूसरी आंख से भी कम दिखाई दे रहा है।

# हाईस्कूल में शिवानी तिवारी ने लहराया परचम, प्राप्त किए 77% अंक, परिजनों में खुशी का माहौल

शिक्षकों के बताए रास्ते पर चलने से निश्चित ही सफलता मिलेगी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 20 अप्रैल को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया। परीक्षा परिणाम में प्रयागराज जनपद की कोरांव के रमा निवास इंटर कालेज, खजुरी कोरांव की मेधावी छात्रा शिवानी तिवारी ने हाईस्कूल में 77इ अंक हासिल कर लहराया परचम। कोरांव क्षेत्र के कूडी गोबरी निवासी धीरेन्द्र तिवारी की बेटी शिवानी तिवारी ने हाईस्कूल में 77इ अंक अर्जित करके विद्यालय एवं अपने गांव घर परिवार के साथ समाज का नाम रोशन किया है। उसकी सफलता पर उसके माता-पिता बड़े भाई एवं परिजनों में खुशी का माहौल है। शिवानी तिवारी रमा निवास इण्टर कॉलेज खजुरी कोरांव प्रयागराज की छात्रा हैं। लगन और ईमानदारी से की गई मेहनत के बूते शिवानी ने न सिर्फ अपना बल्कि पूरे क्षेत्र में अपने माता-पिता , गांव व विद्यालय का नाम रोशन किया



है। शिवानी परिवार समेत घर पर रहकर पढ़ाई करती थी। शिवानी ने बताया कि सफलता के लिए मन लगाकर पढ़ें और रिविज़न जरुर करें। शिक्षकों के बताए रास्ते पर चलने से निश्चित ही सफलता मिलेगी। छात्रा शिवानी ने अपनी सफलता का श्रेय, माता- अनीता देवी, पिता- धीरेन्द्र तिवारी, व भाई, सत्यम तिवारी, सहित गुरुजनों को दी है। जिनके कुशल मार्गदर्शन के चलते और अपने अथक परिश्रम एवं लगन के कारण उनको यह सफलता मिली है। छात्रा की उक्त सफलता को लेकर उनके घर परिवार में खुशी का माहौल कायम है। उनकी सफलता पर माता-पिता सहित भाईयों ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की है। बता दें कि शिवानी घर में दो भाई दो बहनों में सबसे छोटी है। वह आगे की तैयारी कर अधिकारी बनकर सेवा देना चाहती हैं। इसके लिए छात्रा शिवानी ने कहा कि वह मन लगाकर आगे की पढ़ाई कर उच्च शिक्षा हासिल कर सिविल सेवा के जरिए देश के विकास को गति देना चाहती हैं। शिवानी के गांव के लोग भी इस सफलता से उत्साहित हैं। इस अवसर पर विवेक तिवारी, शिवम् तिवारी, हरिदत्त तिवारी, दुर्गेश तिवारी, राज नारायण तिवारी श्रीं कान्त तिवारी शशिशेखर पाण्डेय एडवोकेट नरोत्तम तिवारी एडवोकेट, रामेश्वर तिवारी समेत ग्रामीणों ने बिटिया को खूब सारी बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# शत प्रतिशत अंक पाकर छात्र छात्राओं ने किया विद्यालय का नाम रोशन

**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शनिवार को दसवीं और बारहवीं की परीक्षा के परिणाम जारी कर दिया गया।छात्र छात्राओं की साल भर की मेहनत के परिणाम से अभिभावक और परिजन काफ़ी खुश है।वही यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में के. डी. पब्लिक इंटर मीडियट कालेज नीमी थरिया का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। छात्र छात्रा रविवार को के. डी. कालेज में पहुंचकर अपनी ख़ुशी जाहिर करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई। कक्षा दस की छात्रा स्वेता पटेल 96%,वंदिता केसरवानी



95%, विवेक कुमार 93%, शिवानी 93%, रीता 93%, वही कक्षा बारह सायली यादव 91%, रिमझिम चौधरी 91%, आकाश कुमार पटेल,89%, आस्था 88%, अंक लाकर के. डी. इंटर कालेज का मान बढ़ाया। इस मौके पर कालेज के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, विजय कुमार, आदि अध्यापक अध्यापिका मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह विद्यालय का मान बढ़ाने वाले छात्र छात्राओं को मुँह मिठा करते हुए कहा की आप सभी लोग नये उत्तर प्रदेश का स्वर्णिम भविष्य हो ऐसे ही परिश्रम लगन और धैर्य के साथ आप सभी जीवन की हर परीक्षा में सफल हो यही मेरी कामना है



# न्यू टाउन हाल स्कूल की सुकन्या का आईएएस बनने का है सपना

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी/प्रयागराज।** अंदावा स्थित न्यू टाउन हॉल पब्लिक स्कूल की हाईस्कूल की छात्रा सुकन्या सिंह ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया है। भविष्य में सुकन्या आईएएस बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहती है। सुकन्या के पिता राजेश सिंह इंडियन बैंक में कैशियर है और माँ अंजू सिंह गृहिणी हैं। बेटी की सफलता पर उनके खुशीं के आंसू छलक गए। बोली बिटिया ने पूरे परिवार का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। विद्यालय की प्रधानाचार्य शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि सुकन्या के साथ हाई स्कूल की ज्योति राय 94, पवन कुमार 93, श्रेया मौर्य 91, रिद्धि, प्रतिमा, प्रिया 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है साथ मे इंटर की प्रीति यादव 89, दीक्षा भारतीया 84, नरगिस 83, नेहा, पायल, मानसी 82, खुशी, अंशु 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल के साथ-साथ अपने माता-पिता का भी मान बढ़ाया है। सभी अव्वल छात्र-छात्राओं को स्कूल में सम्मानित भी किया गया।

# प्रतिभावान सफल छात्र छात्राओं को प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने दी बधाई




**अखंड भारत संदेश**

**मेजा/प्रयागराज।** तहसील क्षेत्र के खानपुर में स्थित श्रीनाथ तिवारी इंटर कालेज में शिक्षारत हाई स्कूल एवं इंटर के प्रतिभावान टापर छात्र छात्राओं को प्रबंधक ने उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कमाना किया है। उल्लेखनीय है कि उक्त विद्यालय में हाई स्कूल की शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र छात्राएं कुमारी अनन्या यादव कुमारी रिया द्विवेदी सुहानी विश्वकर्मा गुलशल मो समीर इद्रीशी नेहा यादव तस्लीम बानो तथा इंटर के आयुष सिंह रंजीत पटेल मीनाक्षी पटेल लक्ष्मी दुबे गोलू गुप्ता सौरभ पाल रौनक द्विवेदी तथा सोनी गुप्ता आदि प्रतिभावान सफल छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक विजय कुमार तिवारी एवं प्रधानाचार्य पंकज तिवारी ने माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराते हुए बधाई दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

# यूपी बोर्ड परीक्षा रिजल्ट में पांडेय क्लासेस का जलवा

**अखंड भारत संदेश**

**फाफामऊ/प्रयागराज।** यूपी बोर्ड परीक्षा हाई स्कूल और इंटर मीडिएट के रिजल्ट में शांतिपुरम स्थित पांडेय क्लासेस का इस वर्ष भी जलवा बरकरार रहा। कोचिंग में पढ़ने वाली कक्षा 12 की छात्रा निम्मी केसरवानी ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 95.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रयागराज जिले में छठवां स्थान तथा जीजीआईसी स्कूल में प्रथम स्थान से न केवल प्रयागराज जिले का अपने स्कूल तथा कोचिंग वा माता पिता का नाम रोशन किया है। छात्रा ने रसायन विज्ञान में 97 अंक अर्जित किया है जिसका



पूरा श्रेय कोचिंग के संस्थापक तथा रसायन विज्ञान के शिक्षक आरएस पांडेय को दिया है। निम्मी ने कहा कि कोचिंग में छात्रों को शिक्षक मेहनत और लगन से शिक्षा देते है शिक्षकों का छात्रों के प्रति समर्पण भाव से ही प्रत्येक वर्ष रिजल्ट शत प्रतिशत और बेहतर आता है। कोचिंग के रिजल्ट का मैं भी एक भाग हूं। कोचिंग के संस्थापक आरएस पांडेय ने निम्मी छात्रा को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।




## श्री कोचिंग से एक छात्रा ने टाप 10 प्रयागराज की सूची में अपना नाम दर्ज कराया

नैनी में श्री कोचिंग से एक मेधावी छात्रा प्रियंका गौड़ ने 10 वीं परीक्षा में विजय प्राप्त किया है : निदेशक श्रारिका तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी/प्रयागराज।** नैनी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शनिवार को 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। यूपी बोर्ड के हाई स्कूल परिणाम की प्रदेश सूची में छात्रा प्रियंका गौड़ ने परीक्षा में विजय प्राप्त किया हैं।

8 वीं रैंक पाकर प्रयागराज में अपना नाम दर्ज किया है। श्री कोचिंग से एक मेधावी छात्रा प्रियंका गौड़ ने 96.33इ से 10 वीं की परीक्षा में विजय प्राप्त की और टाप 10 की प्रयागराज की सूची में अपना नाम दर्ज कराया इस मेधावी छात्रा के कोचिंग के निदेशक श्रारिका तिवारी एवं अमन सर के प्रयासों से भविष्य को निखारने की छात्रा को प्रेरणा मिली और कोचिंग में बुके देकर सम्मानित किया गया। वहीं नैनी बाजार श्री कोचिंग की निदेशक श्रारिका तिवारी ने बताया कि छात्र पढ़ने में बहुत तेज है छात्र आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती है और लोगों का सेवा करना चाहती है।

# पोस्टमार्टम हाउस में पुलिस चौकी की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल परिसर स्थित पोस्टमार्टम हाउस में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की गई है। पोस्टमार्टम हाउस प्रभारी डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि पुलिस चौकी के बारे में सीएमओ डॉ. आशु पांडेय से कहा है। सीएमओ ने आयुक्त से पुलिस चौकी के लिए बात की है। राजीव के अनुसार, आएदिन पोस्टमार्टम हाउस में अराजक लोग हंगामा करते हैं। पीएम रिपोर्ट को लेकर विवाद करते हैं। कभी-कभी शव लेकर आने वाले भी कर्मचारियों पर पोस्टमार्टम के लिए अनावश्यक दबाव बनाते हैं। इसके मद्देनजर पुलिस चौकी की मांग की गई है।

# मेजा पुलिस के हांथ लगी बड़ी कामयाबी तीन चोरी की बाइक व चार देशी बम के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार गए जेल

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा/प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के डोरवा मोड़ पर संदिग्ध दशा में खड़े चार अभियुक्तों को मेजा पुलिस ने मेजा ने गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से चोरी की तीन बाइक व चार अवैध देशी बम बरामद किया गया।

उल्लेखनीय है कि शनिवार को सहायक पुलिस आयुक्त मेजा रवि कुमार गुप्ता के निर्देश पर थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल चौकी प्रभारी सिरसा कुलदीप शर्मा, उपनिरीक्षक गोविन्द सिंह, बलवन्त यादव व बृजेश यादव ने क्षेत्र के डोरवा मोड़ पर संदिग्ध हालत में खड़े अभियुक्त सूरज सिंह पुत्र राजाराम सिंह निवासी बिसेनपुर थाना मेजा, अर्सलान पुत्र सरफराज अली निवासी ग्राम कोटहा उरुवा थाना मेजा, दीपक आदिवासी पुत्र शिवशंकर निवासी खानपुर थाना मेजा, रासू सिंह पुत्र छेल बहादुर सिंह निवासी कोढनिया थाना मेजा को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की तीन बाइक व चार अवैध देशी बम बरामद किए गए हैं। जिन्हें विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# सरोज विद्या शंकर इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी/प्रयागराज।** सरोज विद्या शंकर इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने यूपी बोर्ड में जिले के टॉपर में अपना नाम सुमार कराया है।

प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि हाई स्कूल की छात्रा स्नेहा निषाद 95, रिया यादव 94, रिया त्रिपाठी 94, कृष्णा त्रिवेदी 93, शिवांशु यादव 93, अंश कुमार त्रिपाठी 93, हर्ष यादव 93, श्रेया यादव 93, नीरज सोनी 92, स्तुति 92, सत्यम यादव 92, शुभ मिश्रा 92, प्रांजल कुशवाहा 92, शशांक यादव 91, अनुपम पाठक 91, शिवम यादव



91, साक्षी सिंह 91, प्रांशु तिवारी 91, प्रज्ञा 91, मधुसूदन ओझा 91 अंक प्राप्त किया है। वहीं इंटर के पंकज यादव 92, प्रखर दुबे 91, कुमार कार्तिकेय 90, मयंक द्विवेदी 87, शुभम यादव 86, सृष्टि यादव 86, आदित्य यादव 86, कृष्णा तिवारी 85, आदर्श साहू 84, पियूष मौर्य 84, आकाश गिरी 84, तनु कुशवाहा 84, हर्षित यादव 83, वीर सिंह पटेल 82, अदिति सिंह 82, नवीन यादव 82, अंकुश यादव 82, राजन दुबे 82, आयुषी तिवारी 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में अव्वल रही।

# श्री जगलाल जगत बहादुर पटेल इंटरमीडिएट के 16 जिले तथा 4 प्रदेश में मारी बाजी

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा/प्रयागराज।** मऊआइमा क्षेत्र के चोरबारवा बीरभानपुर स्थित श्री जगत जगत बहादुर पटेल इंटरमीडिएट कॉलेज में 16 जिले तथा 4 प्रदेश के टॉप टेन सूची में शाह्लमिल रही। जिसमें जिसमें अनामिका सिंह पुत्री धर्म पाल ने हाई स्कूल में 97.16,मानवी पटेल पुत्री स्व. जय सिंह ने 96.83,खुशी पुत्री राजेश कुमार ने 96.16 तथा स्वेता यादव खुशी पुत्री ज्ञान चन्द्र नेइंटर 96, पाकर प्रदेश की टॉप टेन सूची में शामिल हुई हैं। जबकि जिले के टॉप टेन की सूची में काजल पटेल 96.6, श्रद्धा पटेल 96.3, रुचि पटेल 96.33, रूबी प्रजापति 96.16, आस्था पटेल 96, रागिनी 96, कशिश 96, तथा इंटर की कृतिका 96.8, सलोनी 95, खुशबू 94.8, नेहा यादव 94.8, आस्था पटेल 94.8, शामिल रही। इस मौके पर प्रबन्धक जगलाल पटेल व प्रधानाचार्य रघुनंदन सिंह ,किशोर कुमार यादव, सुरेश चन्द्र यादव, जय प्रकाश पटेल, विवेक यादव, विपेन पटेल, लकी पटेल, शत्रुधन सिंह, गुलाब यादव, अनिल कुमार पटेल, अवधेश कुमार, इंद्र पल , दीपक, भारत लाल , राकेश यादव, शशि पटेल, अराधना, राकेश त्रिपाठी थे।

# टेलीग्राम पर ऑनलाइन ट्रेडिंग में गवां दिए लाखों रुपये

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** टेलीग्राम पर ऑनलाइन ट्रेडिंग और निवेश के नाम पर साइबर ठगों ने मलाकराज के एक युवक को लाखों की चपत लगाई है। मलाकराज निवासी निलेश केसरवानी ने कीडगंज थाने में साइबर अपराध का केस दर्ज कराया है।उन्होंने पुलिस को बताया कि वह टेलीग्राम पर एक ग्रुप में जुड़े हैं।

वहां पर ऑनलाइन ट्रेडिंग और एसआईपी की जानकारी दी गई। मैसेज मिला तो उससे निवेश करना शुरू किया। लालच देकर उनके बैंक खाते से 94 हजार रुपये ऑनलाइन जमा कराए गए। इसके बाद उनके पिता के बैंक खाते से 26 हजार और 80 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए। साइबर ठगी के शिकार होने के बाद निलेश ने पुलिस से मदद मांगी है। साइबर सेल ने लोगों को सलाह दी है कि ऑनलाइन जॉब या निवेश के नाम पर साइबर ठगों से सतर्क रहें। पिछले एक महीनों में दर्जनों लोग ऑनलाइन निवेश के नाम पर लाखों रुपये गवां चुके हैं।

# अंशिका ने प्रदेश की सूची में बनाई जगह

कैंब्रिज की छात्रा को हाईस्कूल में मिला नौवां स्थान, रुद्र ने 96 फीसद अंक से दसवें स्थान पर बनाई जगह





**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित कर दिया गया। प्रदेश व जिले की टॉप टेन सूची में स्थान बनाने वाले मेधावियों की मेहनत रंग लाई है। कैंब्रिज हाई स्कूल एंड कॉलेज शंकरगढ़ की दसवीं की छात्रा अंशिका द्विवेदी ने 97इ अंक प्राप्त किया है। अंशिका ने प्रदेश में नौवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसी विद्यालय की छात्रा अक्षरा वैश्य ने 93.66 अंजली वर्मा 94.16 शिवा सिंह 94.33 किंजल 94.66 यशी केसरवानी ने 94.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।इसी तरह राजा कमलाकर इंटर कालेज, शंकरगढ़ के छात्र रुद्र वर्मा ने जिले की सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया है। रुद्र को 96 फीसद अंक मिले हैं।जबकि अन्य विद्यालयों से खुशी और मीनू



ने हाईस्कूल की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की।

इलाहाबाद संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने प्रदेश में नौवां स्थान प्राप्त करने वाली दशवीं की छात्रा अंशिका द्विवेदी को सम्मानित किया, साथ में कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कॉलेज और एनएसके इंटर कॉलेज शंकरगढ़ के अन्य सर्वोच्च अंक प्राप्त सभी छात्र और छात्राओं को सम्मानित किया। नीरज त्रिपाठी ने बच्चों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी, यमुनापार जिला अध्यक्ष भाजपा विनोद प्रजापति, विभवनाथ भारतीय, चेयरमैन पार्वती कोटार्य, बालेंद्र पांडेय, पंकज मिश्र, पंकज श्रीवास्तव,अखिलेश देश पांडेय, उत्तम सिंह, अशोक त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र मिश्र, रितू सुसारी, सिम्मी गुप्ता, मीरा श्रीवास्तव, स्मिता राव, अभिभावक आशुतोष द्विवेदी, चक्रधर, विपिन केसरवानी, दिनेश सोनी, रमाशंकर, सुजीत केसरवानी, पंकज गुप्ता मौजूद रहे।

दूसरी तरफ राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ प्रबंधन ने हाईस्कूल के छात्र रुद्र वर्मा की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है। रुद्र ने हाईस्कूल परीक्षा में 96इ अंक प्राप्त कर प्रयागराज में जिले की टॉप टेन सूची में 10वीं रैंक हासिल की है। प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने रुद्र वर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# मऊआइमा में इंटर की तैय्यबा और हाई स्कूल में मुनज़्जा ने किया टॉप बधाईयों का तांता



**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा/प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की परीक्षा में मऊआइमा कस्बे के जेनिथ एकेडमी के छात्रों का दबदबा रहा इंटर मीडिएट में तय्यबा ज़मीर पुत्री ज़मीर उद्दीन ने 94.40, अंक के साथ जिले में 7 वीं पोज़ीशन हासिल कर घर परिवार और एकेडमी का मान बढ़ाया, इसके अलावा नैना केसरी ने 92, जुनैरा अंसारी 85, स्वाति केसरी 83, सुहानी 84, सुम्बुल 80, अरफ़ानिया 79, अदिति 80, नौशीन 76, मानसी 75, इकरा 72, मंतशा 71, बेलाल 70, ज़की 68, साकिब 67, तथा अरबाज़ ने 65, अंक हासिल किया। मऊआइमा कस्बा की नीशू चौरसिया ने 91 प्रतिशत इंटर में लायी। अंसार गर्ल्स इंटर कालेज की छात्रा है। **हाईस्कूल** में मुनज्जा ने 90, आयुषी मौर्य 89, मिस्बाह 89, शिवानी सोनी 87, अनामिका 86, आयशा अंसारी 86, अक्सा 85, माही 84, कुलसुम 82, अहजम 74, ज़कवान 74 तथा ओम गुप्ता ने 74 अंक हासिल किया। छात्र- छात्राओं की इस सफलता पर जेनिथ एकेडमी के डायरेक्टर आबिद और सभी अध्यापक आसिफ, शुभम, आलम, काशिफ और सत्यम ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सफलता पर क्षेत्र में खुशी की लहर है।

# कच्ची शराब माफियाओं पर चला चौकी प्रभारी का हंटर

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव/प्रयागराज।** क्षेत्र के बड़गांव चौकी अंतर्गत शेखपुर सठवा गांव में सुबह लगभग 7 बजे मुखबिर की सूचना पर चौकी प्रभारी अविनाश कुमार राय ने अपने टीम के साथ रविवार की गांव में गए। और मुखबिर खास के बताए हुए निशानदेही पर पहुंचे तो वहां पर देखा गया कि एक खेत में कुछ शराब माफियाओं द्वारा कच्ची शराब तथा शराब बनाने के उपकरण संग लहन को छुपा कर रखा गया था। तत्काल प्रभाव से 60 किलो लहन तथा 40 लीटर कच्ची शराब संग शराब बनाने के उपकरण को पुलिस ने नष्ट कर दिया। साथ ही साथ वापसी के समय रास्ते में कमला नगर से माधोपुर जाने वाले तिराहे के पास से दरबारी लाल पुत्र राजाराम को भी 10 लीटर कच्ची शराब के साथ धर दबोचा गया। तथा पुलिस ने विधिक कार्यवाही की। इस मौके पर बड़गांव चौकी प्रभारी अविनाश कुमार, उपनिरीक्षक कुंवर भान चंद्र, कांस्टेबल रघुवीर, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र यादव, कांस्टेबल प्रमोद यादव, कांस्टेबल हर्षित पाल आदि लोग रहे।

# नौकरी लगाने के नाम पर 1.09 लाख रुपये की ठगी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्राइवेट जॉब दिलाने के नाम पर भी एक लाख रुपये से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। कांशीराम आवास योजना, मुंडेरा निवासी संतोष कुमार राय ने कुंदन के खिल धूमनगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि उसको कुंदन ने कॉल करके कहा कि उसकी जॉब लगवा देगा। फीस के नाम पर कुछ रुपये लगेंगे। झांसा देकर शातिर ने संतोष कुमार राय से सात बार में कुल एक लाख नौ हजार रुपये जमा करा लिया। जाब नहीं लगने पर उसने पूछा तो गाली देने लगा। ठगी के शिकार होने के बाद संतोष ने अब पुलिस से मदद मांगी है। पुलिस की जांच में पता चला कि पेटीएम खाते में रुपये ट्रांसफर कराकर ठगी की गई है। आरोपी के बारे में मोबाइल नंबर से तलाश की जा रही है।

# शहर के कई इलाके में पानी का संकट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शहर के कई इलाके में रविवार सुबह पानी का संकट रहा। अल्लापुर के किदवई नगर में नलकूप का जलस्तर नीचे जाने से सैकड़ों घरों में एक सप्ताह से पेयजल संकट है। पुराने शहर के बशीर पार्क में सुबह सैकड़ों घरों को पानी नहीं मिला। वहां के लोगों ने बताया कि कुछ घरों में एक घंटा ही पानी मिल पाया। कालिंदीपुरम के भाउराव देवरस स्थित नलकूप से सुबह सप्लाई बंद रही। नलकूप के मोटर की मरम्मत करने के लिए कम से कम 500 घरों की सप्लाई रोकी गई। तेलियरगंज के कई मोहल्लों में सप्लाई प्रेशर लो होने से तमाम घरों को पानी नहीं मिला।

# 43 डिग्री के पार तापमान, लू से बढ़ी मुश्किलें

## प्रयागराज में सुबह से ही तेज धूप; मरीजों के लिए सरकारी अस्पतालों में वार्ड रिजर्व

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में पिछले 3-4 दिनों से गर्मी और धूप से लोग बेहाल हैं। दोपहर में लू चल रही है। यहां तापमान 43 डिग्री के पार पहुंच गया। आज रविवार को भी तेज धूप निकलने से सड़कों पर भी सन्नाटा है। जरूरी काम से ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं।वहीं दूसरी ओर गर्मी बढ़ने से लोग बीमार भी हो रहे हैं। अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। शहर के सभी बड़े सरकारी अस्पतालों में इसके लिए अलग वार्ड रिजर्व कर दिए गए हैं ताकि मरीजों के इलाज में सहूलियत हो।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 10 दिनों तक इसी तरह से भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहेगा। शनिवार को अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



**जिला प्रशासन ने जारी किया अलर्ट**

इन दिनों पारा 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने पर जिला प्रशासन की ओर से भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। लू (हीटवेव) से कैसे बचाव करें इस संबंध में पूरा दिशा निर्देश भी जारी किया गया है।हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। राहत आयुक्त कार्यालय 1070, जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर प्रयागराज कंट्रोल रूम नंबर 0532.2641577 व 0532.2641578 है।

**डीएम ने जारी किए गर्मी व लू से बचाव के सुझाव**

जिलाधिकारी नवनीत कुमार चहल की ओर से गर्मी और लू से बचाव से संबंधित सुझाव भी जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी, गर्म हवा व लू से अपना बचाव करें। गर्म हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्यूमीनियम की पन्नी, गत्ते से ढककर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अंदर आने से रोका जा सके।खिड़कियों और दरवाजों पर जहां से गर्म हवाएं आती हैं वहां काले परदे लगाकर रखना चाहिए। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक संभव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें।

# नर्सिंग छात्रों नें लैंप लाइटिंग सेरेमनी में मरीजों की सेवा का लिया संकल्प

## नर्सिंग सेवा भाव का सबसे अनूठा कार्य है, न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी/प्रयागराज।** नैनी मां शारदा कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेस में रंगारंग कार्यक्रम के बीच वार्षिक लैंप लाइटिंग एवं ओथ सेरेमनी का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद मंजू रानी चौहान विशिष्ट अतिथि मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉक्टर वत्सला मिश्रा एमएलसी डॉक्टर केपी श्रीवास्तव मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज डॉक्टर आशु पांडे मुख्य चिकित्सा अधिकारी चित्रकूट डॉक्टर भूपेश त्रिवेदी संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य डॉक्टर विवेक मिश्र पत्रकार विकास परिषद भारत के राष्ट्रीय सचिव डीके मिश्र उपस्थित रहे।



# श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले की सुनवाई आज

## वाद की पोषणीयता पर दोनों पक्ष रख रहे दलीलें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह विवाद मामले की सुनवाई 22 अप्रैल को न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की कोर्ट में होगी। वाद की पोषणीयता पर दोनों पक्ष अपनी-अपनी दलीलें रख रहे हैं। वादी पक्ष की ओर से अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन पक्ष रख रहे हैं। वहीं, इससे पूर्व मस्जिद पक्ष की ओर से वरिष्ठ वकील तसनीम अहमदी पक्ष रख चुकी हैं।

**क्या है श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद**

यह पूरा विवाद 13.37 एकड़ जमीन को लेकर है। हिंदू पक्ष का दावा है कि मथुरा के कटरा केशव देव इलाके में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उस जगह पर मंदिर बना था। कई हिंदुओं का दावा है कि मुगल काल में औरंगजेब के शासन में मंदिर के एक हिस्से को तोड़कर उस पर मस्जिद बनाई गई, जिसे ईदगाह मस्जिद के नाम से जाना जाता है।हालांकि मुसलमान पक्ष मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाने की बात से इनकार करता है। साल 1968 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और ट्रस्ट शाही ईदगाह मस्जिद के बीच एक समझौता हुआ, जिसके तहत जमीन को दो हिस्सों में बांट दिया गया था। जिसमें एक हिस्से पर मंदिर और दूसरे पर मस्जिद मौजूद है। हालांकि हिंदू पक्ष उस समझौते को अवैध बताकर खारिज कर रहा है और पूरी जमीन पर दावा कर रहा है।

# माफिया डॉन बच्चा पासी ने महिला से मांगा पांच लाख गुंडा टैक्स

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** धूमनगंज में माफिया डॉन बच्चा पासी और उसके चार गुर्गों पर वाराणसी निवासी एक महिला ने पांच लाख रुपये गुंडा टैक्स मांगने की एफआईआर लिखाई है। आरोप है कि उसे न सिर्फ अपनी जमीन पर निर्माण कराने से रोका गया, बल्कि इसके एवज में रंगदारी भी मांगी गई।

हिस्ट्रीशीटर के आदमी को 50 हजार दिए भी, लेकिन बदले में धमकी ही मिली। रिपोर्ट में एक अज्ञात को भी आरोपी बनाया है।यह एफआईआर वाराणसी के गोदाम रसूलपुर निवासी जयकांत यादव की पत्नी गीता देवी ने दर्ज कराई है। कहा है, उनके कुछ रिश्तेदार धूमनगंज में रहते हैं। उन्हीं के बताने पर उमरपुर नीवा स्थित 60.11 वर्ग मीटर जमीन का बैनामा पिछले साल चार सितंबर को कराया था। अब मकान बनवाना शुरू किया तो स्थानीय भूमाफिया बच्चा पासी व राधा नाम की महिला ने काम रुकवा दिया। रंगदारी मांगी। न देने पर धमकी भी दी।बकौल गीता, उन्होंने बच्चा पासी के आदमी मूलचंद पुत्र विदेशी को 50 हजार देकर काम शुरू कराया तो दो युवकों को लेकर राधा फिर आ गई। कहा, शायद तुम बच्चा पासी को ठीक से नहीं जानती। पांच लाख दिए बगैर निर्माण नहीं करा सकोगी। विरोध करने पर युवकों ने गालियां दीं। इनमें से एक ने अभिषेक नाम बताते हुए धमकाया कि रुपये दिए बगैर काम कराने पर तुम्हारी यहीं समाधि बना देंगे। धूमनगंज इंस्पेक्टर का कहना है कि जांच चल रही है।

# कार्यकर्ता के साथ दुर्व्यवहार किया तो बर्दाश्त नहीं करेंगे: ललितेशपति त्रिपाठी



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापपुर/प्रयागराज।** प्रतापपुर विधानसभा में चुनावी कार्यालय का इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ललितेशपति त्रिपाठी ने रविवार को प्रतापपुर में फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने बूथ अध्यक्ष सेक्टर प्रभारी पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहां की हमारे किसी भी कार्यकर्ता के साथ कोई भी दुर्व्यवहार किया तो बर्दाश्त नहीं करेंगे सभी कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम करेंगे और चौतरफा विकास करने का विश्वास दिलाया और सभी कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष व पदाधिकारी से चुनाव किस तरह लड़ा जाए उस पर चर्चा की गई इस मौके पर प्रतापपुर विधायक विजमा यादव, विधानसभा अध्यक्ष श्याम सूरत सरोज, अशोक उपाध्याय, संचालक राधेश्याम भास्कर, अभय राज यादव रानीपुर, बिलराम यादव, सोनू दुबे, धनीलाल यादव, जीत लाल यादव, जगदीश यादव, सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एसआरएन में भर्ती लावारिस मरीजों को देखने वाला कोई नहीं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** एसआरएन में भर्ती लावारिस मरीजों को कोई देखने वाला नहीं है। पुरानी बिल्डिंग के आर्थो महिला वार्ड में एक तरफ लावारिस वार्ड बनाया गया है। इस वार्ड में चार पंखे लगे हैं। इनमें तीन पंखे खराब है और चौथा धीमी गति से चल रहा है। गर्मी से परेशान मरीज किसी से अपनी परेशानी भी नहीं कह पाते हैं। इसलिए उस वार्ड में एक सप्ताह से पंखे बंद हैं। लावारिस रूप में भर्ती एक मरीज ने बताया कि बेड के आसपास सफाई भी नहीं होती। मरीजों के बेड पर बिना बताए भोजन रखकर लोग चले जाते हैं, जिससे भोजन बिस्तर पर ही गिर जाता है।

# मिनी नेशनल हैंडबॉल बालक चैंपियनशिप नैनी के चार खिलाड़ियों का चयन

## उत्तर प्रदेश मिनी राष्ट्रीय हैंडबॉल टीम की कमान प्रयागराज के अमन मिश्रा को

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी/प्रयागराज।** नैनी 21 से 25 अप्रैल तक मुंबई महाराष्ट्र में आयोजित हो होने वाली 12 वर्षीय मिनी बालक हैंडबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु जिला हैंडबॉल संघ नैनी प्रयागराज से चार खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

उत्तर प्रदेश मिनी हैंडबॉल टीम का कमान अमन मिश्रा को सोपा गया अमन टीम के कप्तान के रूप में अन्य खिलाड़ियों में से प्रयागराज से, वैभव कृष्ण पांडे उर्फ ऑस्कर , नमन पांडे व श्री गोड उक्त खिलाड़ी अपना प्रशिक्षण नैनी के अभिमन्यु हैंडबॉल पार्क में करते हैं तथा हैंडबॉल के महासचिव का प्रशिक्षक कौशल कुमार दीक्षित द्वारा उन्हें अच्छी खेल कौशल को सिखाया गया है जिसके कारण वह सभी मिनी 12 वर्षीय बालक राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम की तरफ से प्रतिभागी कर रहे हैं खिलाड़ियों के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन पर प्रयागराज के महापौर उमेश गणेश केसरवानी नगर निगम प्रयागराज वह क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमल सिंह क्रीड़ा अधिकारी देवी प्रसाद जीवन रक्षक शिव बाबू निषाद जिला खेल कार्यालय मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज मंडल प्रशिक्षक गोविंद कुमार निषाद सचिन अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी सोनम सिंह अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी सृष्टि अग्रवाल अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी तेजस्विनी सिंह अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी अमनदीप सिंह अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी नेहा पांडे अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल रेफरी पता हैंडबॉल पदाधिकारी योगराज मिश्रा बी दीक्षित दिनेश कुमार मिश्रा रविंद्र मिश्रा रंजना सिंह अतुल सिंह राम बहादुर सिंह अनुपम सिंह विनय मिश्रा विनय पांडे प्रांजल सिंह ने खिलाड़ियों के चयन पर हार्दिक बधाइयां एवं अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी।





# बूथ लेवल पर बनाई गई है योजना

## हर बूथ पर 370 नए वोटर जोड़ने का प्रयास

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव-2024 में एनडीए का 400 पार का संकल्प को सिद्ध करने के लिए बीजेपी अपने दम पर 370 सीटों पर जीत का लक्ष्य लेकर चल रही है। देश में 370 सीटें जीतने के पीएम नरेंद्र मोदी के लक्ष्य के साथ यूपी की 80 सीटों पर बीजेपी का फोकस है। भाजपा के जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी में बताया कि बीजेपी ने हर बूथ पर 370 नए वोटर जोड़ने की रणनीति बनाई है। इसके लिए अलग-अलग स्तर पर तैयारी और बैठक की जा रही है।

# जिला अपराध निरोधक कमेटी के जनहितार्थ कार्य सराहनीय

## मिसकिन सेवा संस्थान ट्रस्ट ने सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किए जाने का किया ऐलान

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** जिला अपराध निरोधक कमेटी के वॉलिंटियर पुलिस प्रशासन के साथ यातायात को शुभम बनाने हेतु सुबह 10:00 बजे से 2:00 बजे तक उपस्थित रहे। जिसमें एस आई शिव शंकर यादव चंद्रशेखर यादव विजय शंकर यादव एस आई दीपक कुमार राजपूत तथा थाना कमेटी प्रभारी डीसीपी सी नरेंद्रदेव मिश्रा मीडिया प्रभारी मोहम्मद असलम पीआरडी फूलचंद इत्यादि उपस्थित रहे। उक्त कमेटी के सभी पदाधिकारियों के कोरांव के प्रतिदिन जाम से निजात दिलाने के लिए निःशुल्क सेवाओं के लिए तथा विशेष आयोजनों में उत्कृष्ट सहभागिता के लिए मिसकिन सेवा संस्थान ट्रस्ट के संस्थापक राष्ट्रीय सचिव वरिष्ठ पत्रकार अखंड भारत संदेश के तहसील कोरांव प्रभारी मंत्री अखिल भारतीय प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश प्रयागराज मंडल ,श्रमिक प्रतिनिधि अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने अगले अपने संस्थान के विशेष कार्यक्रम में पुलिस और प्रशासनिक वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित करने का निर्णय लिया है।



# चोरी केस में निरुद्ध दो वांछित हिस्ट्रीसिटर अभियुक्त गिरफ्तार

## दो वारंटी भी अरेस्ट, थाना कोराव पुलिस की कार्यवाही से हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** थाना प्रभारी कोरांव राकेश कुमार भारती की सक्रियता और पुलिस के उच्च अधिकारियों के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चोरी केस में निरुद्ध दो मुलजिम हरिपाल सिंह पुत्र छोटेलाल सिंह,और अंकित सिंह पुत्र हरिपाल सिंह ग्राम बड़ोखर को मुकद्दमा अपराध संख्या 83/2024 धारा 379आईपीसी में चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।

ज्ञात हो कि हरिपाल सिंह पर क्राइम नंबर 86/2024 धारा 4/5, विस्फोटक एक्ट,में गिरफ्तार किया गया। इन पर दर्जनों मुकदमे पूर्व में भी थाना कोरांव में दर्ज है जिसका आपराधिक इतिहास रहा है। इसी तरह कोराब पुलिस ने वारंटी मंगला प्रसाद पुत्र शंकर लाल कोराव कस्बा को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी कार्यवाही में दरोगा प्रदीप कुमार अस्थाना, हेड सिपाही विजय शंकर यादव,और सिपाही चंद्र शेखर यादव थाना कोराव प्रयागराज शामिल रहे।



# नर्सिंग सेवा भाव का सबसे अनूठा कार्य है: न्यायमूर्ति मंजूरानी चौहान

**अखंड भारत संदेश**

**करछना/प्रयागराज।** क्षेत्र के माँ शारदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एन्ड पैरामेडिकल साइंसेस में रविवार को रंगारंग कार्यक्रम के बीच वार्षिक लैंप लाइटिंग एवं ओथ सेरेमनी का अयोजन हुआ जिसमें छात्रों ने मरीजों की सेवा का संकल्प लिया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद मंजूरानी चौहान ने कहा कि नर्सिंग सेवा भाव का सबसे अनूठा कार्य है इसलिए अपने सेवा काल में जहाँ भी सेवा देने का अवसर मिले वहां समर्पित सेवा का सर्वोच्च उदाहरण प्रस्तुत करें।विशिष्ट अतिथि के तौर पर मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्या डा वत्सला मिश्रा,एमएलसी डा के पी श्रीवास्तव,जिला पंचायत अध्यक्ष डा वी के सिंह,मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज डा आशु पाण्डेय,डॉ जी एस तोमर,मुख्य चिकित्साधिकारी चित्रकूट डा भूपेश द्विवेदी, संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य डा विवेक मिश्रा उपस्थित रहे।

लैंप लाइटिंग के महत्व बतलाते हुए संस्थान की डायरेक्टर प्रीति अग्रवाल ने कहा कि फ्लोरेंस नाईटिंगल को लेडी विथ लैंप कहा जाता है जिन्होने नर्सिंग पेशे को सम्मानित दर्जा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उन्हीं की स्मृति में सभी नर्सिंग कॉलेज मे हर साल यह आयोजन होता है।

माँ शारदा हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा राजकिशोर अग्रवाल ने सभी स्टूडेंट्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लोग अपने स्वास्थ्य के क्षेत्र में पूरी ईमानदारी और लगन से कार्य करें।अस्पताल में मरीज के पास हर वक्त नर्स ही होती है और उसपर मरीज की सारी जिम्मेदारी होती है।मुख्य चिकित्साधिकारी डा आशु पाण्डेय ने कहा कि नर्सिंग का मकसद अपने बेहतर काम से मरीज को नई जिंदगी देना है।

इस अवसर पर डा तरुण पाठक,डा डी के श्रीवास्तव, डा राजेंद्र श्रीवास्तव,डा कमल सिंह,डा सविता अग्रवाल,डा वी बी अग्रवाल,डा अवनीश पाण्डेय, डा विनीता,डा बिंदू विश्वकर्मा,ब्लॉक प्रमुख कौंधियारा अन्नू कमलेश मिश्र,संस्थान के फैकल्टी सदस्य,छात्राएं मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ जी एस तोमर एवं संचालन डा आर के सिंह ने किया।




# मतदाता जगरूकता अभियान का अयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** श्रम विभाग के द्वारा फैक्ट्री मजदूरों के मध्य सुबह 10:30 बजे शिरडी साईं इलेक्ट्रिकल, नैनी प्रयागराज बैद्यनाथ के पास जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज की स्वीप टीम के सहयोग से मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन। 2-अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के द्वारा अनवारूल उलूम निस्वा मऊआइमा, एवं जामिया अरबिया तालीमुल इस्लाम कोहना, फूलपुर में शिक्षकों की टोली बनाकर लोगों को मतदान हेतु जागरूक करना प्रातः 9:00 बजे से। 3-कृषि विभाग के द्वारा राजकीय कृषि बीज भंडार भगवतपुर में मतदाता जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम 4-स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय प्रयागराज के समस्त अधिकारी/ कर्मचारियों द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम के साथ-साथ ओपीडी पर्चियों पर 'आपका मतदान लोकतंत्र की जान, आपका मतदान प्रयागराज की शान' की मोहर लगवाना एवं बैनर व होर्डिंग लगवाना। 5-बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में वाद विवाद प्रतियोगिता एवं रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ।

# धूमधाम से मनी भगवान महावीर की 2623वीं जयंती

## 108 कलशों से हुआ भगवान महावीर का महामस्तकाभिषेक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री दिगम्बर जैन मन्दिर कटरा मेदनीगंज में जैन धर्म के अन्तिम तीर्थंकर भगवान महावीर की जयन्ती परम्परागत ढंग से मनायी गयी। जैन मन्दिर कटरा मेदनीगंज में प्रातः सात बजे भगवान महावीर का अभिषेक मंगल मंत्रों, वाद्य यन्त्रों एवं जयकारों के बीच सम्पन्न हुआ।

तत्पश्चात जैन मंदिर कटरा मेदनीगंज से भगवान महावीर की शोभा यात्रा गाजे-बाजे के साथ प्रातः नौ बजे निकाली गयी। शोभा यात्रा के साथ नाचते-गाते एवं उनकी शिक्षाओं का प्रचार प्रसार करते हुए श्रद्धालु चल रहे थे। जगह-जगह भजन कीर्तन भी हुआ। शोभा यात्रा कटरा बाजार होते हुए कटरा चैराहे पर स्थित पाण्डुक शिला तक गया, जहां पर भगवान की आरती के पश्चात शोभा यात्रा जैन मंदिर वापस आई। तत्पश्चात विशाल सभागार में भगवान महावीर का 108 कलशों से महामस्तकाभिषेक का कार्यक्रम आरंभ हुआ। भक्तों ने बोलियों के माध्यम से अपने-अपने आरक्षित कलशों से भगवान का महाभिषेक किया। पंचामृत कलश का सौभाग्य ऋषभचंद्र जैन, ध्रुव कुमार जैन, गीता जैन, शुभम जैन, अंकित जैन और विजय कुमार जैन को प्राप्त हुआ। पंचामृत अभिषेक के पश्चात विश्वशांति की कामना के साथ भगवान महावीर का शांतिधारा अभिषेक किया गया। इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष ऋषभ चंद्र जैन ने बताया कि भगवान महावीर ने जिस सिद्धान्त पर सर्वाधिक जोर दिया, वह है अहिंसा। जैन समाज के संरक्षक ध्रुव कुमार जैन ने भगवान महावीर को अहिंसा का अग्रदूत बताया। रात्रि 7.30 बजे 108 दीपक से महाआरती और तत्पश्चात पालना कार्यक्रम आरंभ हुआ जो काफी रात्रि तक चलता रहा। समारोह में अजय कुमार गुप्ता, मेवालाल जैन, ऋषभ चंद्र जैन, मिश्री लाल जैन, प्रदीप कुमार जैन, ध्रुव कुमार जैन, सुनील जैन, सुमत जैन, शुभम जैन, संदीप जैन, अंकित जैन, संजीव जैन, सुधीर जैन, राजीव जैन, आकाश जैन, अंकुर जैन, जानू जैन, विपिन जैन, विवेक जैन, सोनू जैन आदि उपस्थित रहे।



भगवान महावीर की शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुगण।

# नगर पालिका द्वारा सड़क डिवाइडरों पर पौधों की हो रही सिंचाई

## शहर के सभी नौ वाटर एटीएम कार्यरत, मौके पर पहुंचता है टैंकर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भीषण गर्मी में नगर पालिका प्रशासन जहां पेयजल मुहैया कराने के लिये सदैव मुस्तैद दिखाई पड़ता है, वहीं बेजान पौधों को हरा-भरा रखने के लिये मुख्य सड़कों के डिवाइडरों पर लगे पौधों पर नियमित सिंचाई की जा रही है।

शहर के सभी नौ वाटर एटीएम सुचारु रुप से चल रहे हैं। इसके अलावा चार वाटर टैंकर सदैव तैयार रहते हैं जिन्हें जरुरत पड़ने पर तुरंत टैंकर भेज दिया जाता है। नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह के निर्देशन में इस भीषण गर्मी में सड़कों के डिवाइडरों में लगे पौधों की सिंचाई रोज सुबह-शाम की जाती है जिससे कि पौधे हरे-भरे रह सकें और शहर की हरियाली बरकरार रहे।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शहर में रेलवे स्टेशन रोड, चैक कचहरी रोड, व कम्पनी गार्डेन के सामने लगे सड़क डिवाइडरों पर लगे पौधों की नियमित सिंचाई की जा रही है। इसके अलावा शहर में कहीं भी पेयजल संकट होने पर तुरंत पानी का टैंकर पहुंचाया जाता है। इस प्रकार शहर में साफ-सफाई के साथ पेयजल संकट व शहर में हरियाली बनाये रखने का प्रयास नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है।



डिवाइडर पर पौधों की सिंचाई करते नगर पालिका कर्मी।

## लालगंज में नेत्र शिविर आज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में आज सोमवार को प्रातः दस बजे निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने दी है।

# प्रशिक्षण से बढ़ता है आत्म, नये रोजगार स्थापना में होती है आसानी

## प्रशिक्षणार्थियों को कराया गया स्थलीय भ्रमण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आरसेटी, प्रतापगढ़ द्वारा प्रशिक्षण के मध्य प्रशिक्षणार्थियों को स्थलीय भ्रमण कराया गया, जहां सुप्रसिद्ध ब्यूटीशियन प्रमिला शुक्ला, फैमिली ब्यूटी पार्लर एवं ट्रेनिंग सेंटर ने विद्यार्थियों को ब्यूटीशियन क्षेत्र में टिप्स देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया संगीता मिश्रा, सत्यम शिवम ज्वैलर्स द्वारा वर्तमान में आर्टिफिशियल ज्वेलरी की उपयोगिता, बनाने के तरीके एवं इसकी नियमित उपयोग पर जानकारी प्रदान की।

ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट के प्रशिक्षणार्थियों में अत्यंत उत्साह देखा गया और उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब भी विशेषज्ञ द्वारा दिया गया। इस अवसर पर निदेशक जितेंद्र प्रसाद, शिवम मिश्रा, फैकेल्टी अमृता दुबे, संजीव कुमार, शांतनु शेखर सिंह, प्रशिक्षिका बबीता सिंह आदि उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से वित्तीय सलाहकार एवं ऋण समन्वयक शिशिर खरे ने कहा कि ब्यूटी पार्लर आज की विशिष्ट मांग है और उचित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं इससे स्वयं का रोजगार स्थापित कर स्वावलंबन की दिशा में बढ़ते हुए, अपने परिवार की आय में वृद्धि कर सकती हैं।



स्थलीय भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थीगण।

## लाइनमैन झुलसा, रेफर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अचानक विद्युत करंट की चपेट में आने से लाइन मैन गंभीर रूप से झुलस गया। गम्भीर स्थिति में प्रतापगढ़ मेडिकल कालेज में उसका इलाज जारी बताया गया है। लालगंज तहसील के रानीगंज अजगरा विद्युत उपकेन्द्र में विजय धुरिया लाइनमैन है। लीलापुर थाना के सरांय संसारा निवासी विजय धुरिया 35 पुत्र रामसजीवन रविवार की सुबह करीब नौ बजे उपकेन्द्र से शटडाउन लेकर सण्डवा सोमवंशियान गांव में पहुंचा। यहां वह ट्रांसफार्मर के पास एलटी लाइन में आई कमी दुरुस्त कर रहा था कि अचानक विद्युत सप्लाई आ गई। अचानक विद्युत सप्लाई आने से लाइनमैन करंट की चपेट में आ गया। इससे वह गंभीर रुप से झुलस गया। ग्रामीण झुलसे लाइनमैन को आनन-फानन में इलाज के लिए मेडिकल कालेज प्रतापगढ़ लेकर पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक मेडिकल कालेज में घायल लाइनमैन की स्थिति नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही बिजली विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और इलाज के साथ ही हर संभव मदद का लाइनमैन के परिजनों को भरोसा दिलाया है।

# तहसील समेत क्षेत्र में हुए विविध आयोजन, अधिवक्ताओं ने केक काटकर मनायी खुशियां

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के जन्मदिन को लेकर शनिवार की शाम तहसील परिसर के लाइब्रेरी हाल में अधिवक्ताओं ने सशक्तीकरण परिचर्चा का आयोजन किया। वहीं जन्मदिन को लेकर अधिवक्ताओं ने केक काटकर विधायक मोना के जनसेवा के क्षेत्र में सफलता की कामना भी व्यक्त किया।

कार्यक्रम में आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि देश के बहुमुखी विकास में एक प्रगतिशील विधायक के रूप में आराधना मिश्रा मोना ने महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में आदर्श प्रेरणा दे रखी है। उन्होंने विधायक मोना द्वारा जागरूक महिला समूह के लिए गांव में नारी शक्ति केन्द्रों के संचालन को रोजगार के क्षेत्र में महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का सार्थक चिन्तन करार दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संयोजन गीता सिंह ने किया। संचालन पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुड्डू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आयोजन समिति द्वारा विधिक जागरूकता के क्षेत्र में योगदान के लिए पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, संतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह बघेल, ज्ञानप्रकाश वर्मा, सिंटू मिश्र, शेष तिवारी, राजेश सरोज, राजीव तिवारी को अंगवस्त्रम तथा साल भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इधर कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की हुई संगठनात्मक समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं द्वारा जन्मदिन पर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी तथा महासचिव प्रियंका गांधी व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के द्वारा मिली बधाई पर इन राष्ट्रीय नेताओं के प्रति आभार भी जताया गया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, लालगंज प्रमुख इं0 अमित प्रताप सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, केडी मिश्रा, कार्यक्रम का संयोजन अधिवक्ता शैलेन्द्र मिश्र, छोटे लाल सरोज, लालजी यादव, दृगपाल यादव, रघुनाथ सरोज, रिंकू सिंह परिहार, सुधाकर पाडेय, डॉ0 अमिताभ शुक्ल, भुवनेश्वर शुक्ल, आशुतोष मिश्र, त्रिभू तिवारी, अभिनव शुक्ल, अतुल शुक्ल, भूपेन्द्र त्रिपाठी काजू, पप्पू तिवारी, राजू मिश्रा, प्रभात ओझा आदि रहे।

## डिग्री कालेज महाविद्यालय ईवेन समेस्टर परीक्षा में 15 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाक़ांकर के एम एम पी जी कालेज कालाक़ांकर मे ईवेन सेमेस्टर परीक्षा वर्ष 2023-24 मे बी ए की हिंदी इंग्लिस संस्कृत व ळम्व्ळत्।च्भ्ल की ईवेन सेमेस्टर परीक्षा मे रविवार को प्रथम पाली मे 12 व दूसरी पाली मे 3 परीक्षार्थी अनुपस्थिति पाये गये कालेज प्राचार्य शिवम श्रीवास्तव ने बताया कि आज कुल 15 परीक्षार्थी अनुपस्थिति पाये गये। अनुपस्थिति परीक्षार्थियों की तरफ कालेज प्रशासन को किसी प्रकार कोई लिखित सूचना नही दी गई। शांति पूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन हुई। प्रथम पाली मे कुल 161 व दूसरी पाली में कुल 54 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी जिसमे 15 परीक्षार्थी किन्ही कारणों से परीक्षा नही दे सके।

## बीआरडी पब्लिक स्कूल व इंटर कालेज का शत-प्रतिशत रहा रिजल्ट

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** बीआरडी पब्लिक स्कूल एंड गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज गम्भीरा, कटरा गुलाब सिंह क्षेत्र के उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में माना जाता है। यहां केवल शिक्षण कार्य ही नहीं खेल व सांस्कृतिक गतिविधियां भी सराहनीय होती है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस विद्यालय की छात्रा प्राची यादव ने हाईस्कूल परीक्षा में 93.16 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार श्रेयांश साहू ने 91.5 प्रतिशत, कृतिका मौर्य ने 90.16 प्रतिशत, आस्था श्रीवास्तव ने 88.6 प्रतिशत, नेहा पटेल ने 87.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रबंधक विनोद पटेल एवं प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार शुक्ल ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के समस्त सफल छात्र एवं छात्राओं को उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है। बच्चे आगे भी ऐसे ही विभिन्न परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं देश का नाम रोशन करते रहें। बच्चों की सफलता के लिए प्रबंधक ने सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को भी बधाई देते हुए कहा कि इन्ही के मार्गदर्शन में बच्चों ने सफलता अर्जित किया है।.

## बिजली के शार्ट सर्किट से जला दो बीघा गेहूं

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बिजली के शार्ट सर्किट से गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। हल्ला गुहार पर पहुंचे आसपास के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक सब कुछ चलकर स्वाहा हो गया। कंधई थाना क्षेत्र के फेनहा गांव निवासी धीरज तिवारी के खेत के ऊपर से एचटी लाइन गई है। रविवार दोपहर बाद अचानक शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। परिजनों व ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के लिए निजी नलकूप चलाकर किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया।

वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि फायर ब्रिगेड कर्मियों को सूचित किया गया इसके बावजूद भी घंटों इंतजार के बाद भी नहीं पहुंचे जिससे किसानों में आक्रोश देखने को मिला।



शार्ट सर्किट से जलता गेहूं का खेत।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व तोड़फोड़ का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना के चाहिन गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव के माताफेर यादव के पुत्र संजय यादव ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि शनिवार की शाम वह दीवाल का निर्माण करा रहा था। इसी समय गांव के लोधई के पुत्र रामफल, सुखविंदर के पुत्र शनि तथा सुखविंदर की पत्नी रेनू व बेटी गुड्डी दरवाजे पर आकर गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित को मारापीटा। आरोपियों ने उसकी निर्माणाधीन दीवाल भी गिरा दी। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस नेरविवार को आरोपी रामफल समेत चार के खिलाफ मारपीट व तोड़फोड़ तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

# मानधाता थाने का एएसपी ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं एसपी सतपाल अंतिल के निर्देश पर एडिशनल एसपी पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह पूर्वी क्षेत्र में दौड़कर कानून व्यवस्था के बारे में जायजा लेते हुए नजर आ रहे हैं। एडिशनल एसपी पूर्वी मांधाता थाना पहुंचे और उन्होंने थानेदार समेत उप निरीक्षक के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिये। इस दौरान विवेचकों का अर्दली रूम करते हुए विवेचनाओं को गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। चुनाव से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए चुनाव की तैयारी के बारे में जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव को देखते हुए पुलिस सतर्कता दिखाती हुए क्षेत्र के गतिविधियों पर नजर बनाए रखें। अपराधी किस्म के लोगों पर पुलिस विशेष तौर पर ध्यान रखें और जरूरत पड़ने पर कठोर कार्यवाही करें।



मानधाता थाने में बैठक करते एएसपी दुर्गेश कुमार सिंह।

# किशोरी के आत्महत्या को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मानसिक प्रताड़ना के जरिए किशोरी को आत्महत्या के लिए विवश करने को लेकर कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे ब्रम्हचारी मोठिन गांव में बीती अट्ठारह अप्रैल को सुबह किशोरी ने छत के चुल्ले से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। घटना को लेकर गांव के बाबूलाल की पत्नी रानी देवी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि गांव के धुन्नी के पुत्र प्रमोद व गुलशन ने इसकी चैदह वर्षीय बेटी खुशी से घटना के पूर्व छेड़खानी व अश्लील हरकत कर परेशान किया था। तहरीर में कहा गया है कि छेड़छाड़ की घटना को लेकर मृतका किशोरी ने परेशान होकर आत्महत्या कर ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शनिवार की रात आरोपी प्रमोद व गुलशन के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है केस दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ जांचकर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## छप्पर रखने के विवाद में ससुर ने बहु को पीटा, तहरीर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के परसंडा गांव की रहने वाली मनीषा यादव पत्नी हरिकेश यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह अपने रहने के लिए घर के सामने छप्पर रख रही थी जिसका विरोध करते हुए उसके ससुर ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। महिला का आरोप है कि उसे सास-ससुर, देवर व देवरानी द्वारा आए दिन तरह-तरह से प्रताड़ित किया जाता है जिससे वह खासा हैरान-परेशान है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रमोद व मोना ने यू0पी0 बोर्ड परीक्षा में मेधावियों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को सराहा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने यू0पी0बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश एवं जिले खासकर रामपुर खास में सफल मेधावियों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को सराहा है। रविवार को विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि बोर्ड की परीक्षा में रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के सांगीपुर के रामा इण्टर कालेज सराय दलपति के मेधावी अर्पित तिवारी ने प्रदेश में तीसरा स्थान तथा जिले में टॉप कर रामपुर खास की मेधा शक्ति का शानदार परचम लहराया है। वहीं क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि अर्पित की सफलता से पूरे प्रदेश रामपुर खास के शिक्षा के हब की मजबूती का डंका बजा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना ने यू0पी बोर्ड की परीक्षा में मेरिट में स्थान हासिल करने वाले क्षेत्र की मानसी वर्मा, सपना द्विवेदी, वैदिक कुमार वैश्य, कृष्णा सोनी, आंशी द्विवेदी, मृत्युंजय पाण्डेय, नवनीत शुक्ल को भी बधाई देते हुए कहा कि इन मेधावियों की सफलता में शिक्षा का दान देने वाले शिक्षकों व अभिभावकों की मेहनत अभिनंदन योग्य है। नेता द्वय का संयुक्त बयान मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से रविवार को यहां निर्गत हुआ।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, रेफर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दीवानगंज बाजार से बाइक से घर के लिए जा रहा था कि सामने से आ रही अज्ञात वाहन ने युवक के बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के गनईडीह गांव के रहने वाले जितेंद्र कुमार यादव (35) वर्ष घर से दीवानगंज बाजार आया हुआ था।रविवार की दोपहर अपने बाइक से घर के लिए निकला था। अभी वह कंधई थाना क्षेत्र के वीरमऊ विशुनत्त आदर्श पुलिस चैकी बूथ के पास पहुंचा था कि प्रतापगढ़ की तरफ से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन सवार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक छतग्रस्त हो गई और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी बेलखान नाथ लेकर गए।

## करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से टेंट हाउस मजदूर की झुलस कर मौत होने की घटना को जेठवारा पुलिस ने ऐसे मैनेज किया की लोगों को खबर भी नहीं लग सकी। जेठवारा थाना क्षेत्र के पूरे तोरई गांव का निवासी छोटू गौतम पुत्र जीतलाल कटरा गुलाब सिंह बाजार के रवि टेंट हाउस में मजदूर का काम करता था। शनिवार को क्षेत्र के नागपुर गांव में टेंट लगाने गया था। टेंट लगाने के लिए लोहे की पाइप ऊपर उठाते ही हाई वोल्टेज विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। और वह बुरी तरह झुलस गया। गंभीर हालत में उसे स्थानीय चिकित्सालय ले गए, लेकिन डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद भी स्थानीय पुलिस हरकत में नहीं आई और मजदूर की मौत को पैसे से मैनेज करा दिया। बेहद गरीब मृतक के परिजन भी हालत के आगे बेबस होकर लोगों के समझने में आ गए, लेकिन पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराना भी आवश्यक नहीं समझा।

अखंड भारत संदेश



## खबर संक्षेप

### अस्पताल जा रहे बाइक सवार को लात घूसों से पीटा

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के उजीहिनी आईमा निवासी मोहम्मद साजिद पुत्र मुन्ने मिया रविवार को दोपहर अपने घर से काजीपुर अस्पताल जा रहे थे जहां एक निजी अस्पताल में उसकी पत्नी का इलाज चल रहा था जैसे ही साजिद काजीपुर चौराहे के पास पहुँचे उसके गांव के ही दो लोगो ने मोटर साइकिल घेर कर उसे रोक लिया और कलार पकड़कर गाली गलौज देते हुए लात घूसा थप्पड से मारने पीटने लगे शोर मचाने पर लोगो को आते देखकर दोनो दबंग जान से मार डालने की धमकी देते हुए चले गए। मामले की सूचना पाकर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई हैं।

# यूपी एसटीएफ ने पुलिस भर्ती आरओ एआरओ पीपर लीक मामले में 4 को किया गिरफ्तार

**पकड़े गए लोगों के कब्जे से लाखो की नगदी, दो लग्जरी गाड़ी बरामद**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पुलिस भर्ती परीक्षा आरओ एआरओ पीपर लीक मामले में यूपी की एसटीएफ ने 4 शातिर युवकों को गिरफ्तार किया है,शातिर युवकों के पास से दो लाख रुपए से अधिक नगद मोबाइल, लग्जरी गाड़ी हुंडई वरना कार और फोर्ड ईको स्पोर्ट कार व महत्वपूर्ण कागजात बरामद हुए है। एसटीएफ ने सभी आरोपियों को मंझनपुर कोतवाली पुलिस को सौप दिया,जिसके बाद मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने चारो आरोपियों के विरुद्ध लिखापढ़ी कर न्यायालय में पेश किया जहा से सभी को जेल भेज दिया गया।




यूपी एसटीएफ ने शरद कुमार सिंह, निवासी चुनार जनपद मिजार्पुर, अभिषेक शुक्ला राजा बाग लखनऊ, कमलेश पाल झूंसी प्रयागराज अर्पित विनीत जसवंत म्योराबाद कैंट प्रयागराज को लखनऊ के वृंदावन कालोनी के पास से गिरफ्तार किया है टीम ने सभी आरोपियों के पास से नगद 02लाख, 2हजार, 4,50, रूपया ,09 मोबाइल, लग्जरी गाड़ी हुंडई वरना कार और फोर्ड ईको स्पोर्ट कार व महत्वपूर्ण कागजात बरामद किया है।पुलिस ने सभी को न्यायालय पेश किया जहा से उन्हे जेल भेज दिया गया।

## डंफर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कौशाम्बी।** महेवाघाट कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव के मोड़ के पास रविवार दोपहर डंपर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।जनपद चित्रकूट के राजापुर कोतवाली क्षेत्र के रगौली मुस्तकिल गांव निवासी सुंदर उम्र 23 वर्ष हरछतिया रविवार को जरूरी काम से मंझनपुर आया था वापस लौटते समय जैसे ही बाईक सवार महेवाघाट के मवई गांव मोड़ पर पहुचा तो पीछे की तरफ से आ रहा तेजरफ्तार डंफर ने टक्कर मारकर भाग गया। आसपास मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।थानाध्यक्ष चंद्रभूषण मौर्य ने बताया कि फरार डंफर की तलाश की जा रही हैं। मामले की सूचना मृतक के परिवार के लोगों को मिली तो परिवार के लोग भी रोते बिलखते पहुंच गए हैं।

## न्यूज झरोखा

### शार्ट सर्किट से लगी आग आठ बीघा गेंहू की फसल जलकर राख

**कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली के काजू गांव में रविवार सुबह शार्ट सर्किट से गेंहू के खेत में आग लग गई। आग की लपटों को देख मौके पर



जुटे ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से किसानों की लगभग आठ बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। चायल तहसील के काजू गांव के बाहर किसानों ने अपने खेतों में गेंहू की फसल लगा रखी है। रविवार सुबह बिजली की तार में शार्ट सर्किट से खेत में खड़ी फसल में आग लग गई। कुछ ही देर में आग की लपटें आसमान को छूने लगी। आग की लपटों को देख मौके पर जुटे ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड पुलिस की मदद से ग्रामीणों काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक गांव के मातादीन, राम संवारे, सुखलाल, रामचंद्र, राजकिशोर, कुलदीप आदि किसानों की आठ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसानों ने मामले की सूचना राजस्व विभाग को दी। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक ने जांच कर नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंप दिया है।

### लोहे की गोमती में लगाई आग लाखो का सामान खाक

**कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव का एक व्यक्ति छप्पर डालकर लोहे की गोमती में किराना की दुकान चलाता था जिसमे गांव के कुछ अराजकतत्वों ने बीती रात आग लगा दिया आग की विभीषिका में लगभग लाखो रुपए का सामान जलकर खाक हो गया बताया जाता है कि जिस जमीन पर छप्पर डालकर गोमती रखी गई



थी वह जमीन विवादित है और लोहे की गोमती रखने वाला जमीन पर कब्जे का प्रयास कर रहा था पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है कड़ा धाम थाना क्षेत्र के औरेनी गांव निवासी मो महबूब पुत्र वहीदउद्दीन ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह छप्पर डालकर लोहे की गोमती में कोल्ड ड्रिंक व किराना की दुकान चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। मो महबूब का आरोप है कि गांव के कुछ अराजकतत्वों ने उसकी गोमती में आग लगा दिया जिसके चलते गोमती ने रखा लगभग डेढ़ लाख रुपए का सामान जलकर खाक हो गया और छप्पर वगैरह जल गए , घटना की जानकारी पर ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की छानबीन ने जुट गई है

### बारात के दौरान जमकर चले लाठी डंडे

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र में बारात के दौरान गाड़ी हटाने को लेकर विवाद हो गया, विवाद के दौरान जमकर लाठी डंडे चले है और जमकर मारपीट हुई बाइक से आए दबंगो ने



बारातियों को दौड़ा दौड़ा कर पीटा, दबंगो ने बारात की चार गाड़ियों मे तोड़फोड़ भी की,लाठी डंडो से लैस बाइक सवारों ने जमकर तांडव किया है,गाड़ी मे बैठें कई बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए ।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलो को अस्पताल भेजा,जहा एक की हालत गंभीर बनी हुई है,मारपीट और लाठी डंडों के बीच कई बारातियों ने गाड़ियों से उतर कर भाग कर अपनी जान बचाई है। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के लुकिया गांव में मंझनपुर के टेवा से बारात आई थी, बरात के दौरान डीजे चल रहा था,जिससे गाडियों की लंबी लाइन लग गई थी,कुछ लोगो ने गाड़ी हटाने को कहा तो विवाद शुरू हो गया,बाइक से रहे दबंगो ने कई बरातियों को लाठी डंडों से जमकर पीटा,कई गाड़ियों के शीशे भी तोड़ दिए,जिसमे कई बराती घायल हो गए ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने कई लोगो को हिरासत मे ले लिया है और पूछताछ में जुटी हुई है ।वही घायलों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

### शादी समारोह मे दो पक्षो मे चले लाडी डंडे व ईंट पत्थर कई लोग घायल

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी चौकी अन्तर्गत खलीलाबाद मे नसीम अहमद की बेटी की शादी में चित्रकूट से बारात आई थी निकाह पढाते समय निकाह ने मौजूद लड़कियों से छेडखानी



के कारण हुई घटना से दोनो पक्ष से ईंट पत्थर व लाठी डंडे चले है जिससे कई लोग घायल हो गये शादी मे बिना दावत शामिल होने आये युवको ने कार्यक्रम मे मौजूद लड़कियों पर पब्दिया कसना शुरू कर दिया जिसका विरोध वहा पर मौजूद लडको ने किया लेकिन वह अपनी हरकत से बाज नही आए देखते ही देखते दोनो पक्षो मे मारपीट की नौबद आ गयी और दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिसमे दोनो पक्ष से कई लोग घायल हो गये घर वालो का आरोप है कि घटना स्थल पर जो प्लाटिंग है उसकी देख रेख कर रहे सैता गांव के युवक के रिश्तेदार ने बारात में मारपीट की है झगड़े की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची भरवारी चौकी पुलिस ने कई लोगो को हिरासत में ले लिया और अपने साथ पुलिस चौकी ले गई है ।

## पति की प्रताड़ना से त्रस्त महिला पहुंची थाने

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बलकरनपुर गांव की रहने वाली मोनी तिवारी ने अपने पति बजरंगी तिवारी पुत्र नानमुन तिवारी पर मारपीट और जेवर जमीन जायदाद बेचकर नशा करने का आरोप लगाते हुए संदीपन घाट थाना प्रभारी को लिखित सूचना दी है ।मोनी तिवारी का कहना है उसका पति बजरंगी तिवारी आए दिन उसको मारता पीटता गाली गलौज करता है विरोध करने पर उसे पिस्टल व चाकू से मारने को धमकाता है। उसके अनुसार बजरंगी दबंग किस्म का व्यक्ति है उसे थाना पुलिस व अन्य किसी चीज का डर नही है मोनी के साथ साथ उसके मायके वालों को जान से मार डालने की वह धमकी देता है। मोनी अपने पति के इस रवैए के कारण दो छोटे बच्चो के साथ दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं और मायके में रह रही हैं। मोनी तिवारी की सूचना पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई हैं।

# गैस उपभोक्ताओं से लूट का अड्डा बना लोधौर गैस एजेंसी

**कैश एण्ड कैरी द रिबेट के नाम पर जमकर धांधले बाजी कर रहा है गैस एजेंसी संचालक**

अखंड भारत संदेश

**नेवादा कौशाम्बी।** बढ़ते भ्रष्टाचार के बीच चायल तहसील के लोधौर स्थित गैस एजेंसी गैस उपभोक्ताओं से लूट का अड्डा बन गई है शिकायतों के बाद उपभोक्ताओं के साथ लूट करने वाले एजेंसी संचालक पर अधिकारियों ने मुकदमा नहीं दर्ज कराया है देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाखों करोड़ो गरीब माताओं बहनों को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर फ्री मे वितरंण किया लेकिन यहां एजेंसी में गरीब माताओं बहनों को जमकर लूटा जा रहा है जहां एक तरफ गैस एजेन्सी संचालक कैश एण्ड कैरी द रिबेट के नाम पर खूब जमकर धांधले बाजी कर रहा है वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र के ग्रहकों के साथ बदसुलूकी भी की जा रही है गरीब माताओं बहने अपना कैश एण्ड कैरी का अधिकार पाने के लिये बिवश है और गैस एजेन्सी संचालक कैश एण्ड कैरी का धन लूटकर धन्ना सेठ बन रहा है डिलीवरी



के नाम पर भी ग्राहकों से अवैध रुप से 35-40 रुपए लिया जाता है

चायल तहसील के लोधउर बाजार के पास मौजूद संतोष आर्मी इन्डेन गैस एजेन्सी लगभग पांच- छः वर्षों से संचालित हुई है यहां पर देखा जाता है कि गरीब जनता के साथ कैश एण्ड कैरी के नाम पर मतलब अगर ग्राहक गोदाम से गैस सिलेन्डर लेता है तो उसे 30 रुपये वापस मिलना चाहिये लेकिन ऐसा नही है ग्राहकों को वापस न देकर पैसा सीधा गैस एजेन्सी संचालक के खाते मे जाता है और होम डिलीवरी का वर रेट का भी पैसा संचालक के खाते मे जाता है क्यों कि जो आन लाईन कीमत है वह 855.5/ रुपये है ग्रहकों को घर पर पहुंचा कर दिये जाने की कीमत है लेकिन यहां पर काफी बड़े पैमाने पर गरीबों को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाकर जमकर लूटा जा रहा है जिससे गैस एजेन्सी संचालक को लाखों की अवैध तरीके से वार्षिक कमाई हो रही है इसी क्रम मे बीते 24 मार्च को किसी न्यूज चैनल के पत्रकारों ने कबरेज करने आये थे उस दौरान काफी कमिया पाई गई उस समय पत्रकार और मैनेजर के बीच ओरिजनल रजिस्टर दिखाने को लेकर काफी गरमा गरमी भी हुई लेकिन पत्रकारों को किसी तरह ले देकर मामले को सलटाया गया अगर पत्रकारों के आंकड़ों पर जायें तो गोदाम से सिलेंडर की बिक्री रजिस्टर पर दर्ज आकड़ा 150 था अगर देखा जाये तो 15030=4500/ चार हजार पांच सौ रुपए एक दिन का होता है और इसको अगर एक वर्ष का गुणन फल निकाला जाय तो 1620.000/यनि सोलह लाख बीस हजार रुपये की अवैध कमाई होती है और यहां अगर होम डिलीवरी की दो गाड़ियों के बीच में आकड़ा लगाया जाय तो लगभग 100 सिलेन्डर की बिक्री होती है जो 890/ रुपये के रेट से बेचे जाते हैं जो की रेट से 35 रुपए अधिक लेते हैं इस प्रकार देखा जाय तो 10035= 3500/तीन हजार पांच सौ रुपये एक दिन का होता है जो एक वर्ष का गुणन फल किया जाय तो 1260.000/बारह लाख साठ हजार रुपये की अवैध कमाई की जाती है और इस प्रकार से अगर देखा जाय तो होम डिलीवरी और गोदाम बिक्री दोनो का आकड़ा 28 लाख 80 हजार यनि अट्ठाईस लाख अस्सी हजार रुपये की वार्षिक अवैध कमाई कर गरीबों के हक को लूटा जा रहा है इसके अलावा यहां पर उज्ज्वला कनेक्शन मे भी 200/ रुपये वसूला गया है और नियम को दर किनार कर गोदाम से ब्लैक रिफिल भी बेचा जाता है अवैध कमाई के चलते दबंगई पूर्वक मैनेजर ग्रहकों से अभद्रता करने को बिवस है अभी हाल ही मे आये नये मैनेजर पद पर तैनात हुये है वे बात बात पर ग्राहकों से रौब दिखा कर बात करते हैं और अभद्रता पूर्वक बदसलूकी से पेश आकर एजेंसी मे कोई कुछ जानकारी लेने आया तो उसको डांटकर भगा देते हैं।

भ्रष्टाचार के मामले मे साफ जाहिर होता है कि इंडियन ऑयल व आपूर्ति अधिकारियों को माहवारी पहुंच रही है जिससे अधिकारी भी इस गैस एजेन्सी की ओर ध्यान नही दे रहे हैं जो गंभीर जांच का विषय है जबकि इसके पूर्व में भी कई बार न्यूज पेपर के माध्यम से इस एजेंसी के कृत्यों के बारे में प्रकाशित की जा चुकी है परंतु कोई कार्रवाई नहीं किया गया है कई गांव के लोग एजेंसी संचालक के रवैया से परेसान हैं और अगर इसी तरीके से गैस एजेंसी की रवैया रही तो एक दिन भारी मात्रा में लोग एकत्रित होकर गैस एजेंसी के खिलाफ सड़क पर उतर आएंगे डीएसओ कार्यालय पर ग्राहक सिकायत करने को बाध्य होंगे अब क्या उच्च अधिकारी गैस एजेन्सी को सीज कर संचालक के ऊपर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करेंगे

# पति की प्रताड़ना से त्रस्त विवाहिता ने जहर खाकर किया आत्महत्या

**कौशाम्बी।** पति की प्रताड़ना से त्रस्त एक विवाहिता ने जहर खाकर आत्महत्या कर लिया है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पश्चिम शरीरा कोतवाली क्षेत्र के परई उग्रसेनपुर गांव निवासी सलीम की पत्नी नाजमीन उम्र 27 वर्ष पति से अजीज होकर रविवार सुबह जहर खा लिया जैसे ही यह जानकारी परिवार जनों को पता चली तो उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया ।करारी कोतवाली के मोलानी गांव की नाजमीन की शादी तीन वर्ष पहले परई उग्रसेनपुर में हुई थी ।दो वर्ष का एक बेटा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया




है वहीं लोगों की माने तो पति सलीम आए दिन शराब के नशे में धुत होकर पत्नी से लड़ाई झगड़ा किया करता था इसी कारण पति से अजीज होकर पत्नी ने जहर खाकर जीवन लीला समाप्त कर ली ।थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है किसी तरह की अभी तहरीर नही मिली है ।जांच कर कार्यवाही की जाएगी। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

# ना डिग्री ना अनुभव फिर भी कर रहे दांत का इलाज

**कुकुरमुत्ता की तरह फैले हैं पूरे जिले में डेंटल क्लीनिक की दुकान**

अखंड भारत संदेश

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** दांत के इलाज करने के लिए मूरतगंज कस्बे में शर्मा डेंटल क्लिनिक सहित पूरे कौशाम्बी जिले के विभिन्न कस्बो में जगह-जगह कुकुरमुत्ता की तरह डेंटल क्लीनिक की दुकान खुल गई है जहां मरीजों को इलाज के नाम पर जमकर शोषण किया जाता है डेंटल क्लीनिक की खुली दुकानों में है 90 प्रतिशत से अधिक क्लीनिक संचालकों के पास ना तो डिग्री है ना अनुभव है लेकिन उसके बाद भी दांत के मर्ज का इलाज कर लाखों रुपए महीने की अवैध कमाई करने




में डेंटल क्लिनिक के कथित डॉक्टर मशगूल है मूरतगंज स्थित शर्मा डेंटल क्लीनिक के अस्पताल में दांत के इलाज में मरीजों का मर्ज तो ठीक नहीं होता है बल्कि मरीजों की पीड़ा बढ़ जाती है लेकिन फिर भी हजारो रुपए मरीजों से वसूल लिया जाता है प्रतिदिन चल रहे इस लूट के खेल में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अनजान बनने की कोशिश कर रहे हैं जबकि जिले के मूरतगंज भरवारी सिराथू मनौरी सराय अकिल चायल मंझनपुर पश्चिम शरीरा सहित विभिन्न कस्बा में कई दर्जन डेल्टल क्लीनिक की दुकान कुकुरमुत्ता की तरह खुली है जिनमे अधिकतर के पास पंजीकरण नहीं है दांत का इलाज करने वाले लोगों के पास डिग्रियां नहीं है इतना ही नहीं इलाज करने वाले इन कथित दाँत के चिकित्सकों के पास अनुभव भी नहीं है लेकिन फिर भी डेन्टल क्लीनिक बेखौफ तरीके से संचालित हो रहे हैं जिससे मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था पर सवाल उठता है कि अवैध तरीके से कैसे दाँत की दर्जनों क्लिनिक संचालित हो रही है अवैध तरीके से संचालित डेंटल क्लिनिक की यदि जांच कराई गई तो 80 प्रतिशत से अधिक डेल्टल क्लिनिक फर्जी मिलेंगी लेकिन उसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डेंटल क्लीनिक की जांच करने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं सूत्रों की माने तो अवैध तरीके से संचालित डेंटल क्लीनिक से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एक मोटी रकम की वसूली कर रहे हैं जिससे वह अवैध डेन्टल क्लीनिक पर कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं मामले को जिला अधिकारी ने संज्ञान लेकर डेंटल क्लीनिक की जांच कराई तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के जहां कारनामों का खुलासा होगा वहीं अवैध डेंटल क्लिनिक संचालक पर मुकदमा दर्ज होना तय है।

# शोभा यात्रा के साथ धूमधाम से मनाई गई महावीर जयंती

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** महावीर जयंती का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है नगर क्षेत्र में शोभायात्रा के भ्रमण के बाद महावीर का जन्म कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया है महावीर जयंती के उपलक्ष्य में जैन समुदाय ने नगर पंचायत सराय अकिल में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी जिसमें नगर के व्यापारियों के साथ महिला पुरुष भक्त शोभायात्रा में शामिल हुए

जैन धर्म के प्रवर्तक भगवान महावीर की जयंती धूमधाम से मनाई गई,इस दौरान भगवान महावीर की शोभायात्रा निकाली गई,यह शोभायात्रा जैन मंदिर से निकाली गई और पूरे सराय अकिल कस्बे में भ्रमण की ।शोभा यात्रा के दौरान कई स्थानों पर जलपान की भी व्यवस्था लोगो ने की भव्य शोभा यात्रा में गांव से चलकर डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव ने चावल मंडी पर शोभा यात्रा में शामिल सभी भक्त लोगों को जलपान कराया नगर अध्यक्ष अनूप सिंह ने बस स्टॉप के पास सभी भक्त लोगों के लिए कोल्ड ड्रिंक व जल पान की व्यवस्था किया भगवती गंज में क्राइम इनफार्मेशन ब्यूरो ऑफ इंडिया मोतीलाल स्वर्णकार ने शोभायात्रा में शामिल सभी लोगों को जलपान कराते हुए शोभायात्रा में शामिल माताएं बहने बुजुर्ग बच्चों आदि लोगों को जलपान कराते हुए शोभा यात्रा में हँसते गाते नगर भ्रमण किया शोभा



यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन जगह-जगह मौजूद रही शोभा यात्रा के दौरान नगर अध्यक्ष अनूप सिंह पूर्व सभासद नरोत्तम दास अग्रहरि राकेश अग्रहरी डंपी केसरवानी अजय कुमार अग्रहरी मोतीलाल स्वर्णकार राजीव जायसवाल बंगा जायसवाल बनारसी जैन नरेश जैन हरीश जैन लोहा जैन अरहम्त जैन हनुमान मंदिर के पुजारी कुल्लू महाराज सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

## पति को छोड़कर मायके गई पत्नी पति ने कर ली दूसरी शादी

**पति पर हत्या करने का प्रयास का आरोप लगाकर मायके गई पत्नी दूसरी शादी होते ही बौखलाई**

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बलिहवा गांव की एक महिला अपने पति पर हत्या करने का प्रयास का आरोप लगाकर 2 वर्ष पहले ससुराल छोड़कर मायके में रहने लगी पत्नी के मायके चले जाने के दो साल बाद पति ने दूसरी महिला से शादी कर लिया है जब दूसरी महिला से शादी की जानकारी पहली पत्नी को मिली तो दूसरी शादी का विरोध करने लगी और पुलिस की चौखट पर पहुंच गई है ससुराल छोड़कर मायके में रहने वाली पहली पत्नी के तीन बच्चे हैं।

जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बलिहावा गांव में ब्याही श्रीदेवी ने बताया कि उसका पति गुलाब पुत्र चंद्रपाल करीब दो वर्ष पहले उसे जान से मारने की नियत से मारपीट कर कुएं में फेंक दिया था जिसके डर से वह अपने मायके ग्राम सैय्यदसरावा थाना चरवा में अपने भाई के घर में रहने लगी दोनों के बीच पहले भी कई बार विवाद हो चुके हैं मामला पुलिस की चौखट तक पहले भी पहुंच चुका है। पत्नी श्री देवी के मौजूद ना होने पर उसके पति गुलाब ने दूसरी महिला से शादी कर लिया जिसकी जानकारी श्री देवी के सुसराल के पडोडियो से हुई तो वह संदीपन घाट थाना प्रभारी के पास पहुँची मामले से अवगत कराते हुए कहा कि अभी तक उसकी शादी टूटी नही है उसके बाद भी उसका पति गुलाब दूसरी शादी कर लिया है। सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई हैं और पीड़ित महिला को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। अब सवाल उठता है कि जो पति पहली पत्नी की हत्या कर देना चाहता है उस पति के साथ महिला क्यों रहना चाहती है यदि दोबारा महिला अपने पति के पास गई और कोई घटना हो गई तो उसका जिम्मेदार कौन होगा।

# पश्चिम शरीरा पुलिस ने किया पैदल गश्त सुरक्षा का दिलाया भरोसा



पैदल गस्त करती पुलिस

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने व जनपद में शांति एवं सुरक्षा व कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मकसद से पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में पश्चिम शरीरा थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह व अषाढ़ा चौकी इंचार्ज मनीष पाल ने रविवार को पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत कस्बा पश्चिम शरीरा सहित अन्य मुख्य मार्ग, चौराहा, बाजार, व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गशत किया। गशत के दौरान आमजन व व्यापारियों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

## संपादक की कलम से

### हर फिक्र को धुएँ में उड़ाता चला गया

1961 की बहुचर्चित फि ल्म ह्यहम दोनोंह्न का ये गाना सबने सुना होगा। धूम्रपान करने वाले सभी व्यक्तियों ने भी इस अवश्य सुना होगा। फि ल्म में गाने के बोल इस तरह दशार्ये गये कि फि ल्म का हीरो अपने सभी फि क्र और चिंताओं को धुएँ के कश में उड़ा देता है और चिंता मुक्त हो जाता है। परंतु क्या ये सही है कि मात्र सिग्रेट के कश भरने और
धुआँ उड़ाने से आपकी चिंताएँ खत्म हो जाएँगी? इसका उत्तर है नहीं। बल्कि यदि आपको धूम्रपान की लत लग जाए तो आपकी स्वास्थ्य संबंधी चिंताएँ बढ़ जरूर जाएँगी। आज जानते हैं कि ऐसा क्या है इस चंद लम्हे की मामूली सी खुशी में, जो लाखों करोड़ों को इसकी लत लगा देती है। दरअसल सिग्रेट में मौजूद तंबाकू में निकोटीन पाया जाता है जो कश लेते ही बड़ी तेजी से यह धुआँ आपके फेंफड़े में समा जाता है और कुछ ही क्षण में दिमाग तक पहुँच जाता है। दिमाग में पहुँचते ही इसका संपर्क नर्व सेल से होता है और इसके असर से डोपामाइन नाम का रसायन बाहर आता है। यह रसायन आपके दिमाग को संकेत देता है कि कुछ अच्छा करने से आपको इनाम मिल सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो, यह रसायन आपको ऐसा इशारा देता है कि आप एक बार दोबारा सिग्रेट का कश भर लेते हैं। एक शोध के अनुसार सिग्रेट की लत से प्रभावित लोगों को, जिन्हें गले का कैंसर हुआ था, उनकी गले की नली को काट कर अलग करना पड़ा। उपचार के बाद भी इस लत ने उनका पीछा नहीं छोड़ा और वे दोबारा धूम्रपान करने को मजबूर थे। सिग्रेट में मौजूद तंबाकू की लत अन्य नशीले पदार्थों की तरह ही होती है जिससे छुटकारा पाना आसान नहीं होता। विशेषज्ञों के अनुसार दिमाग के जिस हिस्से को ह्यएनिमल पार्टह्न कहा जाता है उससे ही निकोटीन की लत पर काबू पाया जा सकता है। नशीले पदार्थ हमारे दिमाग के एनिमल पार्ट को इस कदर उकसाते हैं कि वो ऐसे संदेश भेजता है कि हम ऐसा बार-बार करें। वहीं दिमाग का दूसरा हिस्सा हमें ऐसा करने से रोकता भी है। नशे की लत की गिरफ़्त में लोग अक्सर इस संघर्ष से जूझते रहते हैं। इस लत का इस बात से कोई भी लेना-देना नहीं है कि आप कितने समझदार हैं। बल्कि आपका दिमाग निकोटीन या अन्य नशीले पदार्थों पर किस तरह प्रतिक्रिया देता है। यदि समय रहते और सही संगति के चलते नशा या धूम्रपान रोक दिया जाए तो बेहतर हो परंतु ऐसा बहुत कम होता है। सिग्रेट की लत के लिए केवल निकोटीन ही ज़िम्मेदार नहीं होती। इसके लिए एक प्रमुख भूमिका सिग्रेट बनाने वाली कंपनियों और उनके द्वारा जारी किए भ्रामक विज्ञापन भी उतने ही ज़िम्मेदार हैं। पश्चिमी देशों में जैसे ही निकोटीन की लत को लेकर सवाल उठने लगे तो कुछ लोगों ने इसकी जड़ तक जाने की सोची। उन्होंने वैज्ञानिक तरीकों से यह साबित कर दिया कि सिग्रेट के धुएँ में कुछ भी लाभदायक नहीं होता। इतना ही नहीं ये न केवल धूम्रपान करने वाले के लिए बल्कि उसके आस-पास के लोगों के लिए भी काफी हानिकारक साबित हो सकता है। जैसे-जैसे यह अभियान तेजी पकड़ने लगा, धूम्रपान पर सार्वजनिक जगहों पर प्रतिबंध भी लगने लगा। इतना ही नहीं सिग्रेट पर अतिरिक्त और बढ़े हुए कर भी लगाए जाने लगे जिससे इसकी क ीमत में भी बढ़ोतरी हुई। इसके साथ ही सिग्रेट के डब्बों पर भी स्वास्थ्य संबंधित चेतावनियाँ भी छापी जाने लगी। परंतु इन सबके चलते भी पश्चिमी देशों की बड़ी-बड़ी सिग्रेट कंपनियों ने हार नहीं मानी। ज्यादा मुनाफा कमाने की नीयत से इन कंपनियों ने विकासशील देशों और उन देशों का रुख करना शुरू कर दिया जहां नियम और कानून सख़्त नहीं थे। इन देशों में आम नागरिक धीरे-धीरे इन कंपनियों की मार्केटिंग के मायाजाल में बड़ी आसानी से फँस गये। देखते ही देखते इन कंपनियों की फिर से चाँदी होने लग गई। पर सोचने वाली बात यह है कि लोग धूम्रपान के आदी कैसे बन जाते हैं? कुछ लोग सिग्रेट पीने को एक ह्यस्टेटस सिंबलह्न या सामाजिक स्थिति का संकेतक मानते हैं। वो समझते हैं कि धूम्रपान करना एक ऐसी आदत है जो किसी विशेष वर्ग में आपको बड़ी आसानी से स्थान देती है। परंतु इस स्थान पाने की होड़ में आप अपनी सेहत से खिलवाड़ कर लेते हैं। इस लत के चलते न सिर्फ. आप अनी सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं परंतु अपने घरेलू बजट का भी नुकसान कर रहे हैं। ज्यों-ज्यों आपकी यह लत बढ़ती जाएगी आपकी जेब पर भार भी बढ़ेगा। इतना ही नहीं धूम्रपान करने से मिलने वाले आंशिक सुकून एक बड़ी मात्रा में आपके स्वास्थ्य पर असर
करता है और यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। इसलिए आप जब भी किसी धूम्रपान करते हुए व्यक्ति को देखें या स्वयं अगला कश लगाने लगें तो ये सवाल अवश्य पूछें कि क्या वास्तव में धूम्रपान करने से फि क्र धुएँ में उड़ रहे हैं? कहीं ऐसा तो नहीं फि क्र उड़ने के बजाए और बढ़ रहे हैं?

### यह संकट किसानी का नहीं सबका है

स्पष्ट दिखने लगा है कि ग्लोबल वॉर्मिंग ने हमारे खेत–खलिहानों में दस्तक दे दी है। जिस गति से पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है, वह आम आदमी के लिये तो कष्टकारी है ही, किसान के लिये तो यह संकट ज्यादा बढ़ा है। इसका सीधा असर खेतों की उत्पादकता पर पड़ रहा है। जिसके मुकाबले के लिये सुनियोजित तैयारी की जरूरत है। किसानों को उन वैकल्पिक फसलों के बारे में सोचना होगा, जो कम पानी व अधिक ताप के बावजूद बेहतर उत्पादन दे सकें। अन्न उत्पादकों को धरती के तापमान से उत्पन्न खतरों के प्रति सचेत करने की जरूरत है, यदि समय रहते ऐसा नहीं होता तो मान लीजिए कि हम आसन्न संकट की अनदेखी कर रहे हैं। यह मसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मुद्दा दुनिया की सबसे बड़ी आबादी की खाद्य श्रृंखला से भी जुड़ा है। इसमें कोई शक नहीं कि गाहे–बगाहे इस संकट की जद में देश का हर नागरिक आएगा। दरअसल, दुनिया के तापमान पर निगाह रखने वाली वैश्विक संस्था डब्ल्यू.एम.ओ.की एक रिपोर्ट चिंता बढ़ा रही है जिसमें कहा गया है कि पिछले एक दशक में पृथ्वी का तापमान कमोबेश औसत तापमान से अधिक ही रहा है। गम्भीर बात यह है कि इसके मौजूदा साल में और अधिक रहने की आशंका जतायी जा रही है। यह वैज्ञानिक सत्य है कि वैश्विक तापमान में वृद्धि से पूरी दुनिया का मौसम चक्र गहरे तक प्रभावित होता है। देर–सबेर इससे मनुष्य जीवन का हर पहलू प्रभावित होगा। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में ग्लोबल वॉर्मिंग संकट के चलते पूरी दुनिया में यह कह पाना कठिन है कि कहां अप्रत्याशित बारिश होगी और कहां कष्टकारी तापमान बढ़ेगा। इसके बावजूद विकसित देशों की सरकारें इस गंभीर संकट के प्रति सचेत नजर नहीं आती। ऐसे में आशंका जतायी जा रही है कि इस सदी के मध्य तक दुनिया का तापमान डेढ़ डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ सकता है। जो मानव जीवन चक्र व फसलों के लिये घातक साबित हो सकता है।सब जानते है कि दुनिया के बड़े राष्ट्र कार्बन उत्सर्जन को कम करने तथा जीवाश्म ईंधन पर रोक लगाने के लिये प्रतिबद्ध नजर नहीं आ रहे हैं। पूरी दुनिया में बड़े राष्ट्र विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी से दोहन करने में लगे हैं। वे इस बात को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं कि आज दुनिया में औद्योगिकीकरण से पहले के समय के मुकाबले विश्व का तापमान निर्धारित सीमा को पार कर चुका है। जो हमारे लिये एक खतरे की घंटी जैसा है।चिंता की सबसे बड़ी बात यह है कि हम मौसमी बदलाव के अनुकूल खुद को उसी अनुपात में तेजी से ढाल नहीं पा रहे हैं। दरअसल, हमें मौसम के व्यवहार में तेजी से हो रहे बदलाव के अनुरूप अपनी खेती के पैटर्न में भी बदलाव की जरूरत है। उन परंपरागत फसलों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है जो कम बारिश व अधिक तापमान में ठीक–ठाक उपज देने में सक्षम हैं। एक समय भारत में बड़े भू–भाग में हम मोटे अनाज का उत्पादन करते थे, जो कम बारिश में भी बेहतर फसल देता था। कालांतर हमने अधिक सिंचाई वाली फसलों का उत्पादन व्यावसायिक स्तर पर करना तेजी से शुरू कर दिया। मौसम में बदलाव का असर खाद्यान्न ही नहीं, सब्जियों, फल–फूलों पर भी गहरे तक पड़ रहा है। ऐसे में सिर्फ कागजी कार्रवाई के बजाय धरातल पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है। हमारे कृषि विश्वविद्यालयों को फसलों के नई किस्म के बीज तैयार करने होंगे, जो किसानों को संबल देने के साथ ही हमारी खाद्य सुरक्षा चेन को सुरक्षित बना सकें।

# बढ़ने लगी है सरकारी योजनाओं तक वंचित समुदाय की पहुंच

**मोहन लाल गमेती**
**उदयपुर, राजस्थान**

हमें हर महीने की पहली से तीन तारीख के बीच राशन मिल जाता है. यदि कभी लेट होता है तो मेरे पोता और पोती राशन डीलर से नहीं मिलने का कारण पूछते हैं. मुझे तो कुछ नहीं पता है लेकिन मेरे घर की नई पीढ़ी बहुत जागरूक है. बच्चों ने राशन से संबंधित सभी दस्तावेज जमा करा रखा है. इसलिए हमारा राशन नहीं रुकता है. अब तो मेरी पेंशन भी समय पर मिलने लगी है. सरकार की बहुत सारी योजनाओं का लाभ इन बच्चों के कारण मिलने लगा है. वह योजनाओं के बारे में पढ़ते हैं और फिर पंचायत कार्यालय में जाकर उसे शुरू कराने का आवेदन देते हैं. यह कहना है 76 वर्षीय अम्बा बाई का, जो राजस्थान के उदयपुर जिला स्थित लोयरा गांव की रहने वाली है. ऐतिहासिक नगरी उदयपुर से मात्र 8 किमी की दूरी पर आबाद यह गांव बडगांव तहसील के अंतर्गत आता है. अनुसूचित जनजाति बहुल इस गांव की जनसंख्या करीब 2500 है. गांव में 550 मकानों में कुछ ओबीसी से जुड़े डांगी समुदाय के साथ साथ कुछ घर लोहार, जाट, सुथार और उच्च जातियों की भी है. उदयपुर शहर से करीब होने का प्रभाव गांव में साफ नजर आता है. कुछ कच्चे मकानों को छोड़कर अधिकतर मकान पक्के बनने लगे हैं. हालांकि आर्थिक रूप से अभी भी यह गांव कमजोर नजर आता है.



ओबीसी और सामान्य जातियों के लोग जहां कृषि, व्यवसाय और पशुपालन करते हैं वहीं अनुसूचित जनजातियों से जुड़े अधिकतर परिवार के पुरुष सदस्य उदयपुर शहर के आसपास संचालित मार्बल फैक्ट्रियों में लेबर वर्कर के रूप में काम करते हैं. कुछ दैनिक मजदूर के रूप में भी काम करते हैं. वहीं कुछ परिवार के पुरुष सदस्य अहमदाबाद, सूरत और बेंगलुरु के फैक्ट्रियों में काम करने जाते हैं. जबकि घर की महिलाएं शहर के बड़े घरों में घरेलू सहायिका के रूप में काम कर परिवार की आर्थिक सहायता करती हैं.

आर्थिक रूप से लोयरा गांव भले ही कमजोर हो, लेकिन सामाजिक और शैक्षणिक रूप से यह गांव पहले की अपेक्षा अधिक विकसित होने लगा है. यही कारण है कि गांव में सरकारी योजनाओं के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ने लगी है और वह इसका अधिक से अधिक लाभ भी उठाने लगे हैं. गांव की नई पीढ़ी में शिक्षा का स्तर बढ़ा है. अनुसूचित जनजाति समुदाय के लड़के और लड़कियां भी 12वीं तक शिक्षा प्राप्त करने लगी हैं. शिक्षा के बढ़ते स्तर ने गांव में जागरूकता को बढ़ाने का भी काम किया है. इसकी मिसाल खाद्य सुरक्षा के तहत गांव में मिलने वाली जन वितरण प्रणाली का लाभ है. इस संबंध में 45 वर्षीय शिवलाल कहते हैं कि वह स्वयं 12वीं पास हैं और बेंगलुरु जाकर मार्बल फैक्ट्री में काम करते हैं. लेकिन गांव में सरकार द्वारा दी जाने वाली लगभग सभी योजनाओं की न केवल उन्हें जानकारी है बल्कि उनका परिवार इसका लाभ भी उठाता है. वह बताते हैं कि पहले के समय में राशन डीलर कुछ बहाना करके हमें राशन से वंचित कर देता था. लेकिन अब शिक्षा और जागरूकता के कारण ऐसा संभव नहीं है. अब राशन नहीं मिलने पर हम उससे सवाल करते हैं. पंचायत कार्यालय जाकर जानकारियां प्राप्त करते हैं. मैं जब घर पर नहीं होता हूं तो मेरे बच्चे यह काम करते हैं. इसलिए अब समय पर हमारा राशन मिल जाता है.

गांव की 70 वर्षीय बुजुर्ग तारु बाई कहती हैं कि अब हमारे समुदाय की 55 प्रतिशत लड़कियां 12वीं तक पढ़ने लगी हैं. इसीलिए उन्हें सभी योजनाओं की जानकारियां हैं. घर में बच्चों के पढ़ने के कारण ही मेरी वृद्धा पेंशन शुरू हो सकी है. उन्होंने ही मेरे सारे कागजात जमा कराये. जबकि हमारे समय में लड़कियों के पढ़ने का कोई रिवाज नहीं था. इसलिए हमें किसी सरकारी योजनाओं के बारे में कुछ पता नहीं होता था. कभी किसी से किसी योजना का नाम सुना और जब उसके बारे में पंचायत में पता भी किया तो कोई ठोस जवाब नहीं मिलता था. लेकिन अब नई पीढ़ी सभी योजनाओं के बारे में जानने लगी है. उन्हें यह भी पता है कि इसका लाभ उठाने के लिए कौन सा फॉर्म भरने की आवश्यकता है. तारु बाई बताती है कि गांव का अधिकतर अनुसूचित जनजाति परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है. अधिकतर परिवारों के पास इतने पैसे नहीं है कि वह कोई व्यवसाय कर सकें और न ही इतनी जमीन है कि वह उस पर खेती या सब्जी उत्पादन कर सकें. नई पीढ़ी पढ़ने तो लगी है लेकिन नाममात्र लोग ही नौकरी करते हैं. इसीलिए इस समुदाय के ज्यादातर सदस्य मजदूरी या फैक्ट्रियों में काम करने जाते हैं. लेकिन इसके बावजूद शिक्षा के प्रति नई पीढ़ी में उत्साह है.

55 वर्षीय सुंदर बाई बताती हैं कि मेरे 5 बच्चे हैं और सभी स्कूल जाते हैं. बड़ी बेटी पिछले वर्ष 12वीं पास की है और अब प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रही है. मुझे अपनी बेटी के माध्यम से पता चला कि सरकार हमारे समुदाय के उत्थान के लिए बहुत काम करती है. ऐसी बहुत सारी योजनाएं हैं जिसका लाभ उठा कर हम अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोग विकास कर सकते हैं. मेरी बेटी ने भी इसका लाभ उठाते हुए स्कॉलरशिप प्राप्त किया है. मैं और मेरे पति पढ़े लिखे नहीं हैं इसलिए पहले राशन डीलर किसी न किसी कागज की कमी बता कर हमारा राशन रोक देता था. लेकिन जब मेरी बेटी ने जाकर उससे बात की और खुद से सरकारी वेबसाइट पर सारे कागजात भरे, इसके बाद से हमारा राशन कभी नहीं रुका है. हमें खुशी है कि हमारे बच्चे पढ़ लिख कर जागरूक हो गए हैं और अपने अधिकारों को पहचानने लगे हैं. इसीलिए समुदाय के अधिकतर लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने लगे हैं. हालांकि हमारे समुदाय के नाममात्र बच्चे ही सरकारी नौकरियों में हैं. लेकिन मुझे लगता है कि जिस प्रकार बच्चों में पढ़ने लिखने का रुझान बढ़ा है और उनमें जागरूकता आई है, उससे वह भी जल्द ही सरकारी नौकरी में भर्ती होने लगेंगे.

हालांकि इसी गांव में मांगी लाल और तुलसीराम का परिवार भी है जो खाद्य सुरक्षा के तहत जन वितरण प्रणाली का लाभ उठाने से वंचित है. मांगी लाल के पुत्र भूपेंद्र 12 वीं पास है. उनका कहना है कि उनके परिवार में 7 सदस्य हैं. पिछले वर्ष उनका राशन इढछ से अढछ में कर दिया गया. जिससे उन्हें राशन मिलना बंद हो गया है. इसके लिए वह लगातार ई-मित्र से बात कर रहे हैं. वहीं तुलसीराम कहते हैं कि कुछ दस्तावेज की कमी के कारण उनके परिवार को राशन नहीं मिल रहा है. जिसे वह जल्द ठीक कराने का प्रयास कर रहे हैं. बहरहाल, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के बढ़ते प्रसार ने लोयरा गांव के अनुसूचित जनजाति समाज को भी जागरूक बना दिया है. जिसका परिणाम है कि पिछड़ा समझे जाने वाले इस समुदाय की भी सरकारी योजनाओं तक पहुंच बढ़ने लगी है.

# सियासत के किले हैं, तो वे ढहेंगे भी


@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com


देश -दुनिया में दुर्ग यानि किले सत्ताधीशों के ही बनते आये है। लेकिन ये दुर्ग जब लोकतंत्र में सियासी दल भी बनाते हैं तो उन्हें ढहाने का उपक्रम भी लगातार चलता रहता है। सियासत के दुर्ग या तो राजनीतिक दल की विचारधारा के आधार पर बनाये जाते हैं या फिर व्यक्तित्व के आधार पर। आजादी के बाद यदि किसी राजनीतिक दल का सबसे मजबूत किला था तो वो था कांग्रेस का। लेकिन बाद में अधिकांश राजनीतिक दलों ने अपने-आपने इलाकों में किलों के बजाय छोटी-छोटी गढ़ियाँ बनाना शुरू कर दीं। आजकल देश में कहते हैं कि सबसे ज्यादा मजबूत किला भाजपा का है और उसे ढहाने में कांग्रेस समेत देश के तमाम छोटे-बड़े राजनीतिक दल लगे हुए हैं।



अतीत में झांके तो पाएंगे कि पहले सियासी किले अभेद्य हुआ करते थे। उनके ऊपर किसी भी तरह के हमलों का असर नहीं होता था, क्योंकि ये किले विचारधारा की नींव पर खड़े किये गए थे। कांग्रेस, भाकपा, समाजवादी और दक्षिण पंथियों ने समय-समय पर अपने किले बनाये। इन किलों के जरिये देश में आरसे तक राजनीति भी खूब फली-फूली, लेकिन जब किलों के ढहने का सिलसिला शुरू हुआ तो फिर रुका नहीं। एक जमाने में जहाँ-जहँ कांग्रेस के किले थे वहां-वहां क्षेत्रीय दलों ने उनके ऊपर कब्जा कर लिया। ये क्षेत्रीय किले कहीं-कहीं कांग्रेस के साथ भी खड़े हुए और कहीं एकदम अकेले।

पश्चिम बंगाल में वामपंथ का किला 25 साल तक अभेद्य रहा। उसे कांग्रेस से अलग हुई तृणमूल कांग्रेस की संस्थापिका सुश्री ममता बनर्जी ने तोड़ा। दक्षिण के क्षेत्रीय किले तोड़ने के लिए कांग्रेस और भाजपा लगातार कोशिश करती रही, लेकिन उन्हें ध्वस्त नहीं कर पायी। कर्नाटक में किले ढहाने और उन पर कब्जे करने का सनातन खेल जारी है। भाजपा ने 2014 में कांग्रेस के किले को ही नहीं ढहाए बल्कि कांग्रेस की गढ़ियाँ भी ध्वस्त कर दीं। लेकिन अनेक राज्यों में क्षेत्रीय दलों के किले आज भी सुरक्षित हैं। मिसाल के तौर पर ओडिशा में बीजू जनता दल का किला।

इन दिनों भाजपा का किला ढहाने के लिए कसबल लगाया जा रहा है। 2024 में भाजपा का किला ध्वस्त करने के लिए जगह-जगह सेंधमारी की जा रही है। कहीं कामयाबी मिल रही है और कहीं नहीं भी। दिल्ली और झारखण्ड कि किलेदारों को जेल की हवा भी खिला दी गयी है किन्तु ये किले यानि गढ़ियाँ जीती नहीं जा सकीं।

भाजपा का किला राम नाम की ईंटों से बनाया गया है अभी ये किला 44 साल पुराना ही है। इस किले को बनाने में राम जी बार-बार काम आये लेकिन इस बार भाजपा के किले की अनेक बुर्जों पर विरोधियों ने जमकर सेंधमारी की है। लोकतंत्र में सियासी किले ढहाने के लिए मतदान सबसे बड़ा जरिया है। वोट के बम किले की किसी भी बुर्ज को ध्वस्त कर सकते हैं और इन्हीं क्षतिग्रस्त बुर्जों से किले के भीतर जाने के रस्ते बनाये जाते हैं। सियासी किलों की मरम्मत और हमलों का काम हर पांच साल में होता है। इस साल भी किले फतह करने, किले कमजोर करने की कवायद चल रही है। पहले हमले में 102 ठिकानों पर जोर -आजमाइश हुई है। अभी इसी तरह के छह हमले और किये जाने है। सियासी किले बचने के लिए साम-दाम-दंड भेद के सात गोधन, गजधन, बाजधन और रतनधन के अलावा इलेक्ट्रोरल बांड से मिले धन का भी इस्तेमाल किया जाता है। बाहुबल अब गौण हो गया है, हालाँकि बंगाल जैसे राज्यों में अभी भी ये बाहुबल भी प्रचलन में हैं। जिसके पास जितना ज्यादा धन होता है वो उतना ज्यादा ताकतवर माना जाता है। इस समय भाजपा धनबल के मामले में सबसे ज्यादा मजबूत है। उसकी अक्षोहणी सेना में संघ दीक्षित स्वयं सेवकों के साथ अंधभक्तों की तादाद दूर दलों के मुकाबले सबसे ज्यादा है। अंधभक्तों की टुकड़ी सबसे ज्यादा ताकतवर मानी जाती है, क्योंकि इसे अपने राजा के अलावा कोई दूसरा सूझता ही नहीं।

मैंने अपने जीवन में अनेक मजबूत से मजबूत किले ध्वस्त होते देखे है। मैंने अनेक गढ़ियाँ बनते -बिगड़ते देखीं हैं। आपने भी देखी ही होंगीं लेकिन आपने शायद इनके बारे में ज्यादा गौर नहीं किया। जनता जनार्दन अक्सर इन किलों में या तो कैद रहती है या फिर अपने आपको महफूज महसूस कर इनसे बाहर नहीं निकलती। इन किलों में गरीबी परिवारों को पेट की आग बुझाने के लिउए मुफ्त का राशन और भाषण दोनों मिलता है। मनोरंजन के लिए रामधुन, आत्मशांति के लिए मंदिर की सुविधाएं भी मुहैया कराई जातीं है। कांग्रेस के किलों में मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और गिरजाघर सब होते हैं। पहले इन्हीं सुविधाओं की वजह से कांग्रेस के किलों में ज्यादा लोग बसते थे। लेकिन बाद में कांग्रेस के किले में भगदड़ मची। हाल के दिनों में तो कांग्रेस का किला छोड़कर भाजपा के किले में लगे शरणार्थी शिविर में सबसे ज्यादा आमद दर्ज कराई है।

भाजपा की अपनी ताकत से किसी को इंकार नहीं है और होना भी नहीं चाहिये । लेकिन भाजपा इस बार अपना किला बिभीषणों के जरिये बचाये रखना चाहती है। भाजपा ने अपने शरणार्थी शिविरों में आने वाले कांग्रेसियों को सम्मान और सामान दोनों दिए है। उनके तमाम पाप क्षमा कर दिए हैं, लेकिन बात बनती दिखाई नहीं दे रही। भाजपा को अपना किला महफूज बनाये रखने के लिए कम से कम 400 गढ़ियाँ चाहिए। इन्हें हासिल करने के लिए भाजपा ने हर नाजायज तरीके को जायज मानकर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। भाजपा को अपने दरबार के लिए जो नायब हीरे चाहिए वे जनता को ही चुनकर देना है। लेकिन चुनाव के पहले दौर में लक्षण अच्छे नहीं दिखाई दिए। आगे के छह चरणों में क्या होगा , ये राम ही जानें ? मै राम की बात इसलिए कर रहा हूँ क्योंकि भारत में एक दशक से सब कुछ राम के नाम पर ही हो रहा है। कभी-कभी भोले बाबा और योगाधीश कृष्ण का भी नाम लिया जाता है, अभी राम का नाम सबसे ज्यादा चल रहा है।

हम तुलसी और कबीर के वंशज महासंग्राम के टीकाकार से ज्यादा कुछ नहीं है। हम ज्यादा से ज्यादा तुमुल ध्वनि कर सकते है। हमारी बिरादरी के कुछ लोग बाकायदा जिरह-बख्तर पहनकर भाजपा के लिए लड़ भी रहे हैं। किन्तु असल लड़ाई जनता लड़ रही है। यदि कोई किला ढहता है या और मजबूत होता है तो इसका श्रेय किसी की गारंटी को नहीं बल्कि जनता की उदारता को दिया जाना चाहिए। अब देखिये आगे-आगे होता है क्या ?

# इस चुनाव में मुद्दे और माहौल क्या हैं?

विनीत नारायण

इस बार का चुनाव बिलकुल फीका है। एक तरफ नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा हिंदू, मुसलमान, कांग्रेस की नाकामियों को ही चुनावी मुद्दा बनाए हुए हैं। वहीं चार दशक में बढ़ी सबसे ज्यादा बेरोजगारी, किसान को फसल के उचित दाम न मिलना, बेइंतहा महंगाई और तमाम उन वायदों को पूरा न करना जो मोदी जी 2014 व 2019 में किए थे झ्र ऐसे मुद्दे हैं जिन पर भाजपा का नेतृत्व चुनावी सभाओं में कोई बात ही नहीं कर रहा। सबका साथ सबका विकास नारे के बावजूद समाज में जो खाई पैदा हुई है, वो चिंताजनक है। रोचक बात यह है कि 2014 के लोकसभा चुनाव को मोदी जी ने गुजरात मॉडल, भ्रष्टाचार मुक्त शासन और विकास के मुद्दे पर लड़ा था। पता नहीं 2019 में और इस बार क्यों वे इनमें से किसी भी मुद्दों पर बात नहीं कर रहे हैं? इसलिए देश के किसान, मजदूर, करोड़ों बेरोजगार युवाओं, छोटे व्यापारियों यहां तक कि उद्योगपतियों को भी मोदी जी के भाषणों में रूचि खत्म हो गई है। उन्हें लगता है कि मोदी जी ने उन्हें वायदे के अनुसार कुछ भी नहीं दिया। बल्कि बहुत से मामलों में तो जो कुछ उनके पास था, वो भी छीन लिया गया। इसलिए यह विशाल मतदाता वर्ग भाजपा सरकार के विरोध में है। हालांकि वह अपना विरोध खुलकर प्रकट नहीं कर रहा। पर यहाँ ये उल्लेख करना भी जरूरी है कि प्रतिव्यक्ति हर महीने 5 किलो अनाज मुफ़्त बाँटने का मोदी जी का फामूर्ला कारगर रहा है। जिन्हें ये अनाज मिल रहा है वे कहते हैं कि इससे पहले कभी किसी सरकार ने उन्हें ऐसा कुछ नहीं दिया। इसलिए वे मोदी जी के समर्थन में हैं। पर इस मुद्दे पर बुद्धिजीवियों और अर्थशास्त्रियों की राय भिन्न है। वे कहते हैं कि अगर मोदी जी ने अपने वायदे के अनुसार हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार दिया होता तो अब तक 20 करोड़ युवाओं को रोजगार मिल जाता। तब हर युवा अपने परिवार के कम से कम पाँच सदस्यों का भरण पोषण कर लेता। इस तरह भारत के 100 करोड़ लोग सम्मान की ज़िंदगी जी रहे होते। जबकि आज 80 करोड़ लोग 5 किलो राशन के लिए भीख का कटोरा लेकर जी रहे हैं। दूसरी तरफ वे लोग हैं, जो मोदी जी के अन्धभक्त हैं। जो हर हाल में मोदी सरकार फिर से लाना चाहते हैं। वे मोदी जी के 400 पार के नारे से आत्ममुग्ध हैं। मोदी सरकार की सब नाकामियों को वे कांग्रेस शासन के मत्थे मढ़कर पिंड छुड़ा लेते हैं। क्योंकि इन प्रश्नों का कोई उत्तर उनके पास नहीं है। अभी यह बताना असंभव है कि इस कांटे की टक्कर में ऊंट किस करवट बैठेगा। क्या विपक्षी गठबंधन की सरकार बनेगी या मोदी जी की? सरकार जिसकी भी बने, चुनौतियां दोनों के सामने बड़ी होंगी। मान लें कि भाजपा की सरकार बनती है, तो क्या हिंदुत्व के ऐजेंडे को इसी आक्रामकता से, बिना सनातन मूल्यों की परवाह किये, बिना सांस्कृतिक परंपराओं का निर्वहन किये सब पर थोपा जाऐगा, जैसा पिछले 10 वर्षों में थोपने का प्रयास किया गया। इसका मोदी जी को सीमित मात्रा में राजनैतिक लाभ भले ही मिल जाऐ, हिंदू धर्म और संस्कृति को स्थाई लाभ नहीं मिलेगा। भाजपा व संघ दोनों ही हिंदू धर्म के लिए समर्पित होने का दावा करते हैं, पर सनातन हिंदू धर्म की मूल सिद्धांतों से परहेज करते हैं। सैंकड़ों वर्षों से हिंदू धर्म के स्तंभ रहे शंकराचार्य ये मानते हैं कि जिस तरह का हिंदूत्व मोदी और योगी राज में पिछले कुछ वर्षों में प्रचारित और प्रसारित किया गया, उससे हिंदू धर्म का मजाक ही उड़ा है। केवल नारों और जुमलों में ही हिंदू धर्म का हल्ला मचाया गया। हाँ उज्जैन, काशी, अयोध्या, केदारनाथ आदि धर्मस्थलों पर भगवान के विशाल मंदिरों के निर्माण से हिंदू समाज में अपनी पहचान के लिए जागरूकता बढ़ी है। पर इसके अलावा जमीन पर ठोस ऐसा कुछ भी नहीं हुआ, जिससे ये सनातन परंपरा पल्लवित-पुष्पित होती। इस बात का हम जैसे सनातनधर्मियों को अधिक दुख है। क्योंकि हम साम्यवादी विचारों में विश्वास नहीं रखते। हमें लगता है कि भारत की आत्मा सनातन धर्म में बसती है और वो सनातन धर्म विशाल हृदय वाला है। जिसमें नानक, कबीर, रैदास, महावीर, बुद्ध, तुकाराम, नामदेव सबके लिए गुंजाइश है। वो संघ और भाजपा की तरह संकुचित हृदय नहीं है, इसलिए हजारों साल से पृथ्वी पर जमा हुआ है। जबकि दूसरे धर्म और संस्कृतियां अपनी अहंकारी नीतियों के कारण कुछ सदियों के बाद धरती के पर्दे पर से गायब हो गए।

## मऊ में सर्वाधिक अंक लाकर क्षेत्र का किया नाम रोशन

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** कहते हैं होनहार विरवान के होत चीकने पात- इसी कहावत को नगर पंचायत मऊ के मेधावी छात्र आर्यन शुक्ला ने चरितार्थ किया। नगर पंचायत मऊ के निवासी आर्यन शुक्ला मऊ के ही पं पुरुषोत्तम द्विवेदी इंटर कॉलेज में कक्षा दस के छात्र हैं।

बचपन से पढ़ाई में तेज आर्यन को दसवीं में 93 फीसदी अंक मिले हैं। आर्यन की मेहनत से खुश पिता विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि आर्यन बचपन से पढ़ने में काफी तेज है। घर में आर्यन की मां बबली शुक्ला उसका ध्यान रखतीं हैं। बच्चे की मेहनत पर माता-पिता ने खुशी जताई।



माता-पिता के साथ आर्यन।

आर्यन के बड़े भाई तुषार शुक्ला आर्यन की पढ़ाई में मदद करते हैं। आर्यन की उपलब्धि पर सपा यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव अजय राज त्रिपाठी, डॉ मनीष त्रिपाठी, डॉ राजा शुक्ला, प्रकाश शुक्ला, बेटू बाजपेई, विकास द्विवेदी, विपुल पांडेय, प्रांजल, संकल्प आदि ने आर्यन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## गरीब बन्दियों की पैरवी को जेल अधीक्षक लें पत्रः अपर जिला जज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से मिली कार्ययोजना एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के निर्देश पर प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। बंदियों को विधिक सहायता बाबत जानकारी दी।

रविवार को जिला कारागार में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में प्राधिकरण सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने अंडर ट्रायल रिव्यू




जेल में बन्दियों से चर्चा करती एडीजे।

कमेटी कैम्पेन बाबत जानकारी दी। बताया कि जेल में कुछ ऐसे बंदी भी हैं, जिनकी जमानतें हो जाती हैं। वह लोग रिहा नहीं हो पाते। ऐसे लोगों की रिहाई को जमानतदार व अन्य बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी। कहा कि ऐसे बंदी जिनके पास पैरवी को अधिवक्ता नहीं हैं, उन्हें निःशुल्क विधिक मदद देने को चित्रकूट कारागार अधीक्षक बंदियों से प्रार्थना पत्र लें। आवश्यक कार्यवाही कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजें। इस मौके पर जेल अधीक्षक शशांक पांडेय, जेलर संतोष कुमार वर्मा, उपकारापाल रजनीश कुमार सिंह, चितरंजन श्रीवास्तव, ब्रज किशोरी, प्रमोद कुमार कनौजिया, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रामानुजम व डॉ विकास सिंह आदि मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय सम्मेलन में बसपाइयों को दिया जीत का मंत्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बसपा के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मंडल प्रभारी अभिषेक गौतम ने कार्यकर्ताओं को लोस चुनाव में जीत का मंत्र दिया। उन्होंने भीम आर्मी के मुखिया चन्द्रशेखर व सपा-भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

रविवार को बसपा कार्यकर्ता सम्मेलन पुरानी कोतवाली परिसर में हुआ। सम्मेलन में जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा एड की अध्यक्षता में मंडल प्रभारी कौशलेंद्र कुमार एड, अयूब खान व बल्देव प्रसाद वर्मा ने बूथ से जिला स्तर तक पदाधिकारियों व कार्यकताओं को एक माह में पूरी निष्ठा व मनोयोग

### बसपा मुखिया ने चित्रकूट को दिया था जिले का दर्जाः मयंक



सम्मेलन में बोलते लोस प्रत्याशी।

से क्षेत्र में सक्रिय रहने को प्रेरित किया। बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी को जिताने को पूरी ताकत झोंकने का आवाहन किया। बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने कहा कि बसपा मुखिया/पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने हमेशा सर्व समाज के हित की बात की है। बसपा सरकार में प्रदेश से गुंडे-माफियाओं का सफाया हुआ है। खासतौर से जिले से दस्यु ददुआ व ठोकिया जैसे दुर्दांत बदमाशों का सफाया बसपा सरकार में हुआ था। दशकों से पाठा क्षेत्र में कायम भय-आतंक का खात्मा हुआ था। चित्रकूट जिले को दर्जा पूर्व मुख्यमंत्री/बसपा मुखिया मायावती ने दिया था। चित्रकूट समेत पूरे बुंदेलखंड में बसपा सरकार ने बड़े पैमाने पर विकास कार्य कराये थे।

बाद की सरकारों ने विकास कार्य रोक दिये। मऊ के महिला घाट का अधूरा पुल इसका उदाहरण है। इस पुल को बसपा सरकार ने 2010 में मंजूर किया था। सपा-भाजपा सरकार की कार्यशैली से 14 साल से ये पुल नहीं बन सका। ऐसे सभी विकास कार्यों को पूरा कराया जायेगा। इस मौके पर बसपा नेता अरुणपाल, सादिक, सुरेश तिवारी एड, राम अभिलाष पाल, विनय कुमार पाल, जमुना पाल, शिव औतार त्रिपाठी, बीडी पाल, जगदीश यादव, वीरेंद्र पाण्डेय, नफीस खान, दरबारी लाल, दुर्गा प्रसाद, लक्ष्मी प्रसाद वर्मा, कपिल देव वर्मा, विनोद पाल, सादिक मंसूरी, नगर अध्यक्ष राजेश कुमार रैकवार, शिवबाबू गर्ग, अतुल कुमार द्विवेदी, नत्थू प्रसाद वर्मा, सीएल भारती, मानिकपुर विधानसभा अध्यक्ष रावेंद्र कुमार वर्मा, चित्रकूट विधान सभा अध्यक्ष सोनपाल वर्मा, राजकुमार विमल, राजेन्द्र वर्मा व इकराम वर्मा तथा इफ्तिखार अहमद समेत हजारों की तादाद में लोग मौजूद रहे।

## फूलों से सजा दिखे कामतानाथ पर्वत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में 112वां स्वच्छता अभियान भरत मिलाप के पास चलाया।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान शुरू करने के पीछे उद्देश्य है कि हम जहां रहते हैं, लोग जागरूक हों। आसपास पौराणिक स्थल पर गंदगी से लोगों को बचायें। लोग स्वच्छता के लिए आगे आयें। लोगों में स्वच्छता की ओर हाथ बढ़ाना कामतानाथ पर्वत का गंदगी से मुक्त होगा, ऐसा विश्वास है। एक दिन



सफाई करते समिति के लोग।

ऐसा आयेगा कि कामतानाथ पर्वत फूलों से सजा दिखेगा। तभी अभियान की सफलता होगी। इस मौके पर राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, कृष्णा शुक्ला, अंकुर केसरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, वन विभाग से रसूल बख्श आदि ने सहयोग किया।

## 24 घंटे में बाइक-तमंचा समेत चोर दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की रोकथाम को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में पुलिस ने 24 घंटे के अन्दर चोरी की घटना का खुलासा कर चोर को दबोच चोरी की बाइक व तमंचा-कारतूस समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि नागौद सतना मप्र के सितपुरा उथवां टोला के रोहित कुमार सतनामी पुत्र कमलेश कुमार सतनामी ने मानिकपुर थाने में दी तहरीर में कहा कि बराहमाफी गांव




पुलिस गिरफ्त में बाइक चोर।

से अज्ञात चोर मोटरबाइक चुरा ले गये हैं। पुलिस ने थाने में मामला दर्जकर घटना के खुलासे की जिम्मेदारी दरोगा मुकेश सिंह परिहार को दी। दरोगा की टीम ने सुरागरसी कर डांडी कोलान मोड़ से पंकज पुत्र दुर्जन रामपुर को चोरी की मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया। जामा तलाशी में उसके कब्जे से तमंचा 315 बोर व दो कारतूस बरामद हुये। पुलिस ने चोरी की बाइक बरामदगी पर धारायें बढाई। आर्म्स एक्ट का भी मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा मुकेश सिंह परिहार, दरोगा यूटी पवन चौधरी व सिपाही जलील अहमद शामिल रहे।

## एक वाछिंत-चार वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में पुलिस ने एक वांछित व चार वारंटी दबोचे हैं। रविवार को सीतापुर चैकी के दरोगा मेवालाल मौर्य ने सिपाही रविशंकर के साथ अपहरण के वांछित सोनू उर्फ अजय पुत्र नत्थू खंगार गोकुलपुरी शंकर बाजार को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में शिवरामपुर चैकी प्रभारी सत्यमपति त्रिपाठी ने बलबा, मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के वारंटी रेशमा पुत्री छोट्टन, शफीना बानो पत्नी छोट्टन, शब्बे उर्फ शबनम पुत्री छोट्टन निवासी अरखन मोहल्ला को गिरफ्तार किया है। कोतवाली कर्वी के दरोगा गजबेय आलम व दरोगा अंशुल कुमार ने एनडीपीएस एक्ट के वारंटी पिंटू यादव पुत्र कैलाशचन्द्र यादव मुलायमनगर को गिरफ्तार किया।

## 851 बूथों से भारी तादाद में 29 को नामांकन में आयेंः बृजकिशोर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा की 48 बांदा लोकसभा की बैठक जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता मे हुई। बतौर मुख्य अतिथि/बांदा लोकसभा प्रभारी बृजकिशोर गुप्ता ने भाजपा प्रत्याशी/सांसद आरके सिंह पटेल को जिताने की भाजपाइयों से अपील की। रविवार को लोकसभा प्रभारी बृजकिशोर गुप्ता ने लोस चुनाव में जीत की रचना बताते हुये कहा कि जिले के सभी 851 बूथों पर 20 काम होने हैं। सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी व पालकों को मंडल अध्यक्षो के साथ मिलकर काम करना है। बूथो मे टिफिन बैठक कर पन्ना प्रमुखों की बैठक होनी है। लाभार्थियों से सम्पर्क कर पन्ना प्रमुखों की बैठके करानी है।

### भाजपा की प्रत्याशी जिताने को हुई बैठक



बैठक करते भाजपाई।

अन्य कार्यों को क्रियान्वित करने को भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पूर्ण विजय संकल्प के साथ अपना बूथ जीतने को संकल्पित हो।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि ये चुनाव भारत को विश्वगुरु बनाने का चुनाव है। आज दुनिया की निगाहे भारत के चुनाव पर हैं। सबको मिलकर पार्टी के निर्देशों को मानते हुये पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से जिताना है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बूथ सम्मेलन व 29 अप्रैल को नामांकन में सभी 851 बूथों से ज्यादा से ज्यादा तादाद में पहुंचना है। सांसद/लोस प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने कहा कि वे भी भाजपा के छोटे कार्यकर्ता हैं। ये चुनाव कार्यकर्ताओं के सामूहिक अगुवाई में लड़ा जा रहा है। सबके साथ वे भी मोदी के हांथो को मजबूत करने को लगातार प्रयास कर रहे हैं। आगे भी करते रहेंगे।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, ब्लाक प्रमुख, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, उम्मीदवार प्रमुख शक्ति प्रताप सिंह तोमर, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, रजना उपाध्याय, तीरथ तिवारी, अरविन्द रलिहा, सुशीला वर्मा, सुशील द्विवेदी, बद्री त्रिपाठी, जगदीश गौतम, जयप्रकाश पांडे, सुरेश अनुरागी, आदित्य, सुखेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## अर्दली रूम कर सीओ ने दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीओ मऊ जयकरन सिंह ने बरगढ़ थाने के विवेचकों का अर्दली रुम कर सम्मन तामीला, बीडब्ल्यू, एनबीडब्ल्यू, 82 सीआरपीसी/83 सीआरपीसी के तामीला, आरोप पत्र, अंतिम पत्र व विशेष अभियान चलाकर गुण- दोष के आधार पर विवेचना के निस्तारण को निर्देश दिए। उन्होंने लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने बाबत दिशा-निर्देश दिये।

## एएसपी ने मारकुण्डी थाने का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने मारकुंडी थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण दौरान थाना कार्यालय में रजिस्टरों को देखकर उचित रख-रखाव व दुरुस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, थाना परिसर का भ्रमण कर थानाध्यक्ष मारकुंडी मनीष कुमार को शस्त्रों का पुलिस लाइन आर्मरी से सत्यापन कराने, प्राइवेट शस्त्रों के रख-रखाव को अलग व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

## नगरवासी गन्दा पानी पीने को मजबूर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जल संस्थान इन दिनों नगरवासियों को शुद्ध पेयजल नहीं सुलभ करा पा रहा। महीनों से नगरवासी गन्दा व बदबूदार पानी पीने को मजबूर हैं। कुछ दिनों से नगर में हो रही पेयजल आपूर्ति लोगों को बीमार करने वाली है। रविवार को जल संस्थान के गन्दे पानी की आपूर्ति का खुलासा वार्ड मेम्बर शुभम गुप्ता ने किया। बताया कि गम्भीर बीमारी को जल संस्थान की पेयजल आपूर्ति निमंत्रण दे रही है। पानी अमृत होता है, जल ही जीवन है- लेकिन जिस तरह से यहां पेयजल आपूर्ति की जा रही है, वह किसी लायक नहीं है। प्रतिवर्ष ये समस्या होती है। इसका निदान जल संस्थान नहीं निकाल रहा। आने वाले दिनों में बारिश के मौसम में बारिश का बहाना बनाकर जिम्मेदार पल्लू झाड़ लेंगे। इससे जनता बेहद परेशान है। उन्होंने जिले के सक्षम अधिकारियों से मांग किया है कि गन्दे व बद्बूदार पेयजल आपूर्ति को स्थायी तौर पर दुरुस्त करायें, ताकि लोग डेंगू आदि संक्रामक बीमारियों के शिकार न हो सकें।

## जीजा के यहां आये साले की नदी में डूबने से मौत

### गोताखोरों के प्रयास के बाद भी नहीं मिला शव

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** नगर पंचायत मऊ के एक युवक की यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई। आशीष केसरवानी (26) पुत्र कृष्णा प्रसाद पुरौना त्यौंथर जिला रींवा मप्र सवेरे सात बजे मऊ घाट के यमुना नदी में कुछ रिश्तेदारों के साथ नहाने गया था।

युवक की मौत की ये घटना रविवार को सवेरे सात बजे हुई। बताया गया कि मऊ घाट पर स्नान न कर वह निर्माणाधीन मऊ महिला पुल किनारे पिलर नंबर 20 पर जाकर नहाने लगा। वहां तेज बहाव-अधिक गहराई होने से युवक डूब गया। मौके पर मौजूद लोगों में चींख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची मऊ पुलिस ने युवक की खोजबीन शुरु कर दी। गोताखोरों के जाल बिछाने के बाद भी उसका शव नहीं मिल सका। युवक आशीष टाकीज रोड नगर पंचायत मऊ के व्यापारी/जीजा पप्पू केसरवानी की बहन की शादी में शामिल होने मऊ आया था। युवक की बहन की ननद की शादी थी। युवक घर से नाश्ता के बाद यमुना स्नान को निकला था। युवक तैरना नहीं जानता था। तेज बहाव व अधिक गहराई



रोते-बिलखते परिजन।

से बचाव नहीं कर सका। युवक की मौत से बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है। युवक अविवाहित था। तीन बहन व दो भाइयों में छोटा था। इस बाबत मऊ सीओ जयकरण सिंह ने बताया कि काफी खोजबीन बाद भी डूबे युवक का पता नहीं चल सका। युवक के शव की खोजबीन को एनडीआरएफ टीम बुलाई गई है। मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पांडेय ने बताया कि युवक के शव की खोजबीन जारी है।

## नोनार-ममसी में आग से सैकडों बीघा गेहूं फसल राख

### एसडीएम-दमकल टीम मौके पर


**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** पहाड़ी क्षेत्र व राजापुर तहसील के ममसी गांव में खेतों में अज्ञात कारणों से लगी आग से सैकडों बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। लेखपाल ने मौका-मुआयना किया है। ये अग्निकांड रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे राजापुर तहसील के गडौली गांव व पहाडी थाना के नोनार गांव में हुआ। बताया गया कि खेतों में खडी गेहूं की फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। प्रत्यक्ष दर्शियों व ग्रामीणों के अनुसार गडौली व नोनार गांव में गेहूं की सैकड़ों बीघा फसल जलकर राख हो गई। पीडित किसानों की गुहार पर दमकल व स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने के प्रयास किये गये। मौके पर एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा व दमकल टीम आग पर काबू पाने के प्रयास कर रहे हैं। लेखपाल अग्निकांड की क्षति का जायजा लेने में लगे हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग किया कि खेतों में खडी गेहूं फसल के जलने का आंकलन कर जल्द मुआवजा देने की कार्यवाही की जाये।

## देवांगना जंगल में आग से वन संपदा नष्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वन विभाग की लापरवाही से देवांगना जंगल में आग लगने से इमारती लकड़ी व वन संपदा जलकर राख हो रही है। रविवार को हवाई पट्टी से ददरी रोड किनारे जंगल में भयानक आग लगी है। आग पर जल्द काबू न पाया गया तो कीमती वन संपदा नष्ट हो जाएगी। जिला मुख्यालय से महज कुछ किमी की दूरी पर आग लगी है। वन विभाग चैन की नींद सो रहा है। डीएफओ डॉ नरेन्द्र सिंह जब से जिला मुख्यालय में आये हैं, तब से वन विभाग अव्यवस्थाओं में घिरा है। उनका वन कर्मियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। वन कर्मी जंगल की देखरेख न कर मनमानी में जुटे हैं। ऐसे में जंगल में आये दिन कहीं न कहीं आगजनी की घटनायें हो रही हैं। गर्मी में वन कर्मियों को जंगलों में आग पर चौकस नजर रखनी चाहिए। डीएफओ की उदासीनता से वन कर्मी मस्त हैं और जंगल आग की लपटों से पस्त हैं।



जंगल में लगी आग का दृश्य।

# वेस्ट बैंक में चल रहे इजरायली ऑपरेशन में 14 फिलिस्तीनी मारे गए

**रामल्लाह।** फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि तुल्कर्म शहर और उत्तरी वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविर में लगातार तीसरे दिन चल रहे इजरायली सैन्य अभियान के दौरान कम से कम 14 फिलिस्तीनी मारे गए हैं।
फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को समाचार एजेंसी शिन्हुआ को भेजे एक प्रेस बयान में कहा, "मारे गए 14 फिलिस्तीनियों के शवों को शहर के पूर्व में नूर शम्स फिलिस्तीनी शरणार्थी शिविर से तुल्कर्म अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।"
फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा, "इजरायली सेना सैन्य बुलडोजरों के साथ गुरुवार को शिविर में घुस गई, कड़ी घेराबंदी की और मुख्य सड़कों, बुनियादी ढांचे, आवासीय घरों और दुकानों को ध्वस्त कर दिया।"
सूत्रों ने बताया कि शिविर में बिजली-पानी की कटौती, संचार और इंटरनेट नेटवर्क के व्यवधान के साथ चल रहा सैन्य अभियान सबसे गंभीर था।



ऊंची इमारतों की छतों पर स्नाइपर इकाइयां तैनात की गईं, जबकि अन्य बलों ने निर्देशित मिसाइलों से कई घरों को उड़ा दिया।
गौरतलब है कि पिछले साल 7 अक्टूबर को गाजा पट्टी में इजरायल-हमास संघर्ष की शुरूआत के बाद से वेस्ट बैंक में शहरों, गांवों और शिविरों में इजरायली सैनिकों और फिलिस्तीनियों के बीच सशस्त्र टकराव के कारण तनाव बढ़ रहा है। इससे पहले शनिवार को उत्तरी वेस्ट बैंक के नब्लस शहर में इजरायली गोलीबारी में एक फिलिस्तीनी एम्बुलेंस चालक की मौत हो गई थी। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, संघर्ष शुरू होने के बाद से इजरायल ने वेस्ट बैंक के विभिन्न हिस्सों और यरूशलेम के पूर्व में हवाई हमलों और गोलीबारी से 460 से अधिक फिलिस्तीनियों को मार डाला है।

# इराक में ईरान समर्थक मिलिशिया के सैन्य अड्डे पर विस्फोट में एक की मौत, 8 घायल



**बगदाद।** इराक में एक शक्तिशाली ईरान-सहयोगी मिलिशिया के सैन्य अड्डे पर विस्फोट में एक मिलिशिया सैनिक की मौत हो गई, वहीं आठ अन्य के घायल होने की खबर है। इराक की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईएनए के अनुसार, सुरक्षा मीडिया सेल ने कहा, "इराक के बाबिल प्रांत के कैंप कलसू में इराकी सुरक्षा बलों और पॉपुलर मोबिलाइजेशन यूनिट्स के आवासीय परिसर में शनिवार तड़के विस्फोट और आग लगने से ये मौत हुई।"
विस्फोट और आग के कारणों की जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया है, प्रारंभिक निष्कर्षों का हवाला देते हुए कहा गया है कि घटना के पीछे सैन्य कार्रवाई थी।
हालांकि एक इराकी सुरक्षा अधिकारी ने पहले कहा था कि कलसू बेस पर मिसाइलों या ड्रोन से हमला किया गया था।
बाबिल सुरक्षा समिति के प्रमुख मुहानेद अल-एनाजी ने टेलीविजन पर प्रसारित टिप्पणी में कहा कि हमले से उस स्थान पर आग लग गई जहां पीएमयू और इराकी सुरक्षा बलों की ब्रिगेड रहती हैं।
अधिकारी ने कहा, "आग बुझा दी गई है। हमला ड्रोन से या मिसाइलों से किया गया, इसको लेकर जांच चल रही है, इस बात की भी जांच की जा रही है कि इस घटना के पीछे कौन है।"
यह कथित हमला इस्लामी गणतंत्र की कुछ परमाणु सुविधाओं वाले ईरानी प्रांत इस्फहान में एक संदिग्ध इजरायली हमले के एक दिन बाद हुआ।
ईरान समर्थक मिलिशिया समूह ने बाबिल में हमले के पीछे इजरायल का हाथ होने का आरोप लगाया है। इराक में स्वयंभू इस्लामी प्रतिरोध ने शनिवार को हमले के जवाब में दक्षिणी इजरायली तटीय शहर इलियट पर एक महत्वपूर्ण लक्ष्य पर ड्रोन से हमला करने का दावा किया।
इजरायली सेना ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

## मोइज्जू की अग्निपरीक्षा: मालदीव में संसदीय चुनाव के लिए मतदान आज, नतीजों पर रहेगी सबकी निगाह

**माले।** मालदीव में रविवार को संसदीय चुनाव के लिए मतदान होगा, जिसमें राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू की भारत विरोध की नीति की भी परीक्षा होगी। चुनाव के नतीजे पर देश के लोगों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय जगत की भी निगाह है।
मालदीव चुनाव आयोग के मुताबिक देश के 93 निर्वाचन क्षेत्रों में आज मतदान होंगे। 2,84,663 से अधिक मतदाता 602 मतदान केंद्रों पर मतदान करेंगे। विधायिका की एक सीट के लिए कम से कम 368 उम्मीदवार मैदान में हैं।
पिछले साल राष्ट्रपति चुनाव के बाद से मालदीव के राजनीतिक परिदृश्य में काफी बिखराव आया है। पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद और उनके समर्थकों ने डेमोक्रेट बनाने के लिए तत्कालीन सत्तारूढ़ एमडीपी को छोड़ दिया। जबकि पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन और मोइज्जू के बीच मतभेद गहरे हो गए।
मोइज्जू की मालदीव से भारतीय सैन्य कर्मियों को बाहर निकालने के फैसले की देश के भीतर चौतरफा आलोचना हो रही है। इसलिए संसदीय चुनाव को लेकर यह उम्मीद कर रही है कि मुख्य विपक्षी और भारत समर्थक पार्टी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) बहुमत हासिल करेगी।
एमडीपी नेता और पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद के मुताबिक उनकी पार्टी जीत को लेकर आशावादी है। उनका कहना है कि मोइज्जू प्रशासन पिछले पांच महीने में घरेलू और विदेशी दोनों नीतियों में विफल रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के पूर्व अध्यक्ष शाहिद ने कहा कि मोइज्जू झूठ और नफरत फैलाकर सत्ता में आए और सभी विकास परियोजनाएं रोक दी गईं। भारत विरोध का नारा देने वाले चीन समर्थक मोइज्जू ने पिछले साल हुए राष्ट्रपति चुनाव में इब्राहिम सोलिह को हराया था।

## इजरायल ने लेबनान पर किए हवाई हमले, 3 की मौत और 3 घायल



वेस्ट बैंक में चल रहे इजरायली ऑपरेशन में 14 फिलिस्तीनी मारे गएगुरुग्राम में श्मशान घाट में दीवार गिरने से चार की मौत, दो घायल
बेरूत। दक्षिणी लेबनान के कई सीमावर्ती कस्बों और गांवों पर इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के तीन सदस्य मारे गए और तीन नागरिक घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने मीडिया को बताया कि एक इजरायली युद्धक विमान ने टायर जिले में स्थित नगर पालिका जिब्बैन में एक घर पर हमला किया, जिसमें हिजबुल्लाह के तीन सदस्य मारे गए और दो नागरिक घायल हो गए। जबकि एक अन्य युद्धक विमान ने दक्षिणपूर्व में कफर किला गांव में एक दो मंजिला घर को निशाना बनाया, जिससे एक और नागरिक घायल हो गया।
समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्लाह ने कहा है कि उसके लड़ाकों ने हनीता, अल-रडार, अल-समाका और रुवैसत अल-आलम सहित कई इजरायली स्थलों को निशाना बनाया।
लेबनानी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच टकराव में लेबनानी पक्ष के 432 लोग मारे गए हैं, जिनमें 277 हिजबुल्लाह सदस्य और 76 नागरिक शामिल हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# यूक्रेन पर रूसी हमले में दो बच्चों समेत 8 की मौत

यूक्रेन
यूक्रेन पर रूस के हमले में 8 लोगों की मौत हुई है जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं. यूक्रेन का दावा है कि उसने हमला करने वाले बमवर्षक विमान को मार गिराया है. रूसी हमला दनिप्रोपत्रोव्स्क इलाके में हुआ.
शुक्रवार सुबह दनिप्रो शहर और उसके आपास के इलाकों में कई मिसाइलें दागी गईं जिनसे कई रिहायशी इमारतों और मुख्य ट्रेन स्टेशन को नुकसान पहुंचा. इस हमले में कम से कम 28 आम लोग घायल भी हुए हैं. मरने वालों में 8 साल की एक लड़की और 14 साल का एक लड़का शामिल है.
रूस ने लंबी दूरी के मिसाइलों से हमला तेज कर दिया है. हाल के हफ्तों में यूक्रेन के ऊर्जा तंत्र और दूसरे ठिकानों को निशाना बना कर रूस दबाव बढ़ा रहा है जिससे कि यूक्रेन को मोर्चे से दूर किया जा सके. पूर्वी दिशा में रूसी सेना धीरे धीरे आगे बढ़ रही है.
यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सहयोगी देशों से एयर डिफेंस सिस्टम की तत्काल मांग की है. पश्चिमी देशों की सैन्य सहायता में कमी आने के कारण यूक्रेन के पास हथियारों के स्टॉक में कमी आने की बात कही जा रही है. जेलेंस्की का कहना है, "रूस को उसके आतंक के लिए निश्चित रूप से जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, हर मिसाइल और हर शाहेद (ड्रोन) को मार गिराया जाना चाहिए. दुनिया इसकी गारंटी दे सकती है और हमारे सहयोगियों के पास जरूरी क्षमता




है."

**रूसी बमवर्षक विमान गिराने का दावा**


यूक्रेनी एयर फोर्स और सैन्य गुप्तचर एजेंसी के कमांडर ने कहा है कि यूक्रेनी सेना ने एक रूसी टीयू-22एम3 बमवर्षक विमान को मार गिराया है, जिसने यूक्रेन पर मिसाइलें दागी गई थीं. यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार ऐसे किसी बमवर्षक विमान को निशाना बनाने का दावा किया गया है. यूक्रेनी कमांडर का कहना है कि यह बमवर्षक विमान रूसी वायुसीमा में यूक्रेनी सीमा से 300 किलोमीटर दूर था. समाचार एजेंसी रॉयटर्स को सूत्रों से जानकारी मिली है कि यूक्रेन ने एस-200 एयर डिफेंस मिसाइल का इस्तेमाल किया था. हालांकि यह पता नहीं चल सका है कि इसे कहां से फायर किया गया. एस-200 सोवियत जमाने का सतह से हवा में मार करने वाला लंबी दूरा का मिसाइल सिस्टम है. सोशल मीडिया पर ऐसे तस्वीरें दिखी हैं जिनमें एक विमान में आग लगी है और वह गोता खा कर नीचे गिर रहा है. हालांकि इन तस्वीरों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है. रूसी रक्षा मंत्रालय का कहना है कि बमवर्षक विमान रूस के दक्षिणी स्तावोपोल इलाके में गिर गया. य
ाह जगह यूक्रेन के नियंत्रण वाले इलाके से सैकड़ों किलोमीटर दूर है. रूसी सेना के मुताबिक विमान युद्धक अभियान को पूरा करने के बाद अपने अड्डे पर लौट रहा था. हालांकि उनका कहना है कि यह घटना तकनीकी वजहों से हुई है. रूसी एयरफोर्स के चार क्रू सदस्य विमान से इजेक्ट कर गए. इनमें से दो को बचा लिया गया, एक की मौत हो गई और चौथे को बचाने के लिए अभियान जारी है.

**यूक्रेन को जी7 का आश्वासन**

इटली के कापरी में जी7 देशों के विदेशमंत्रियों की बैठक में यूक्रेन की वायु सुरक्षा क्षमता को मजबूत करने का वादा किया गया है. बैठक के बाद जी7 की तरफ से जारी बयान में कहा है कि यूक्रेन की मदद के लिए "सभी संभव रास्तों और विकल्पों" पर विचार किया जा रहा है. इसके लिए रूस की जब्त संपत्तियों को भी इस्तेमाल करने के रास्ते भी ढूंढे जा रहे हैं.
अमेरिका, इटली, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान और कनाडा के विदेश मंत्रियों की बैठक में युद्ध पर चर्चा के लिए यूक्रेन के विदेश मंत्री भी शामिल हुए. कापरी में यूक्रेनी विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा भी पहुंचे और जर्मनी की मदद का जिक्र करते हुए बाकी देशों से भी मदद की गुहार लगाई. जर्मनी ने यूक्रेन को और पैट्रियट मिसाइल डिफेंस सिस्टम देने के वादा किया है. जर्मनी दो पैट्रियट मिसाइल डिफेंस सिस्टम यूक्रेन को पहले ही दे चुका है.

# काबुल में खदान विस्फोट में 1 की मौत, 3 घायल

**काबुल।** काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने बताया कि पश्चिमी काबुल शहर में एक खदान में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने खालिद जादरान के हवाले से बताया, "पुलिस जिला 3 के कोट-ए-सांगी इलाके में एक खदान विस्फोट में एक कार को निशाना बनाया गया, जिससे चालक की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।"
समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस इलाके में पहुंच गई है और जांच शुरू



कर दी है। किसी भी समूह या व्यक्ति ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## नेपाल में नए सत्ता समीकरण के कारण चार राज्य सरकारों पर संकट के बादल

**काठमांडू।** नेपाल में बदले सत्ता समीकरण के कारण चार राज्यों की सरकारों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। नए राजनीतिक समीकरण के चलते इन राज्यों की सरकारें अल्पमत में आ गई हैं, तो कहीं नए शपथ लेने वाले मंत्री इस्तीफा दे रहे हैं। कहीं की सरकार संवैधानिक पेंचों में उलझी हुई है तो कहीं पुरानी सरकार को हटाने के लिए कई हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।
सुदूरपश्चिम प्रदेश की सरकार अपने गठन के 24 घंटे में ही अल्पमत में आ गई है। इस प्रदेश में मुख्यमंत्री पद को लेकर लंबी खींचतान के बाद एकीकृत समाजवादी को मुख्यमंत्री का पद तो दे दिया गया है, पर नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के आपसी विवाद के बाद मुख्यमंत्री दीर्घराज सोडारी अल्पमत में आ गए हैं। उन्मुक्ति पार्टी के लक्ष्मण किशोर चौधरी सहित पांच विधायकों ने राज्यपाल को समर्थन वापसी का पत्र दे दिया है। चौधरी ने बताया कि राज्यपाल ने बिना बहुमत वाले नेता को मुख्यमंत्री बनाकर गैर संवैधानिक काम किया है। चौधरी ने आज ही सुप्रीम कोर्ट में मुख्यमंत्री को हटाने के लिए याचिका दायर की है।
लुम्बिनी प्रदेश में भी विवाद गहरा हो गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री जोखबहादुर महरा के मंत्रिपरिषद में शामिल जनता समाजवादी पार्टी (जेएसपी) के मंत्री ने अपने शपथग्रहण के तीसरे दिन ही इस्तीफा दे दिया है। जेएसपी की तरफ से महरा के मंत्रिपरिषद में शामिल भण्डारीलाल अहीर ने भी पद से इस्तीफा दे दिया है। अहीर ने कहा कि उनकी पार्टी को दो मंत्रालय नहीं मिला तो सरकार से समर्थन वापस ले लिया जाएगा। जेएसपी के तीन विधायक अलग हुए तो सरकार अल्पमत में आ जाएगी। इसी तरह गण्डकी प्रदेश सरकार को अवैधानिक बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। प्रदेश में सीपीएन (यूएमएल) के मुख्यमंत्री ने शपथ लिया था। सुप्रीम कोर्ट ऐसे ही मामले में कोशी प्रदेश की सरकार को दो बार बर्खास्त कर चुकी है लेकिन अभी गण्डकी सरकार को लेकर सुनवाई में देरी के कारण सरकार अभी तक बची हुई है। सुप्रीम कोर्ट यदि अपने ही फैसले पर कायम रहा तो गण्डकी प्रदेश की सरकर का गिरना तय है।

## अमेरिकी विदेश मंत्री का अगले सप्ताह जाएंगे चीन, एक साल के भीतर दूसरा दौरा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और चीन के तल्ख रिश्तों के बीच दोबारा दोस्ती की सुगबुगाहट देखी जा रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध और मध्य पूर्व के तनाव भरे हालात के बीच अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन तीन दिनों का चीन दौरा करने जा रहे हैं। ब्लिंकन का यह दौरा 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक होगा।
अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक ब्लिंकन 24 से 26 अप्रैल तक चीन की यात्रा पर रहेंगे। विदेश विभाग का कहना है कि ब्लिंकन शंघाई और बीजिंग में चीनी अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मिलेंगे। इस दौरान मध्य पूर्व संकट, यूक्रेन-रूस युद्ध और दक्षिण चीन सागर पर भी बातचीत होगी।
खास बात यह है कि एक साल के भीतर अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन की यह दूसरी चीन यात्रा होगी।
पिछले साल जून में उन्होंने बीजिंग की यात्रा की थी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग से उनकी मुलाकात हुई थी। मध्य पूर्व के ताजा संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर ब्लिंकन की इस चीन यात्रा पर सभी की निगाहें होंगी। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका और चीन के बीच रिश्तों की खाई काफी चौड़ी हो गई है।

## मध्य अफ्रीकी गणराज्य में नाव डूबने से 50 से अधिक लोगों की मौत

**बंगुई।** मध्य अफ्रीकी गणराज्य में यात्रियों को ले जा रही नौका के नदी में डूब जाने से उसमें सवार 58 लोगों की मौत हो गई है। नाव में क्षमता से अधिक यात्रियों के भरे होने के कारण हादसा हुआ।
प्रत्यक्षदर्शियों ने शनिवार को बताया कि 300 लोगों को ले जा रही नाव राजधानी बंगुई से गुजरने वाली मपोको नदी को पार कर रही थी, उसी समय हादसा हुआ। स्थानीय नौका चालकों और मछुआरों ने सबसे पहले बचाव अभियान शुरू किया।
बचाव अभियान में शामिल मछुआरे एड्रियन मोसामो ने बताया कि सैन्यकर्मियों के पहुंचने तक 58 शव निकाले जा चुके थे। बंगुई यूनिवर्सिटी अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि जैसे-जैसे बचाव अभियान बढ़ रहा है, मरने वालों की संख्या बढ़ रही है। मरने वालों की संख्या में और बढ़ोतरी का अंदेशा है।